रजिस्ट्री सं. डीएल—(एन) 04/0007/2003--25 REGISTERED No. DL—(N) 04/0007/2003—25

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-सा.-26042025-262697
CG-DL-W-26042025-262697

साप्ताहिक/WEEKLY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 17] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 26—मई 2, 2025 (वैशाख 5, 1947)
No. 17] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 26—MAY 2, 2025 (VAISAKHA 5, 1947)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ सं.
भाग I—खण्ड-1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं.	149
भाग I—खण्ड-2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	371
भाग I—खण्ड-3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	7
भाग I—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं.	2237
भाग II—खण्ड-1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम.	*
भाग II—खण्ड-1क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ.	*
भाग II—खण्ड-2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं).	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं.	*
भाग II—खण्ड-3—उप खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिसमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं).	*
भाग II—खण्ड-4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश.	*
भाग III—खण्ड-1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	1295
भाग III—खण्ड-2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	*
भाग III—खण्ड-3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं.	*
भाग III—खण्ड-4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं.	1
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस.	1857
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला सम्पूरक.	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए।

CONTENTS

	Page No.
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	149
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	371
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	7
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	2237
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi language, of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministry of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	1295
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	*
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	1857
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

[(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं]

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी, 2025

सं.19-प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	लालजी सिन्हा	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	भुनेश्वर साहू	उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 17.06.2021 को, मुखबिरों एवं विभिन्न अन्य स्रोतों से लगातार सूचना मिल रही थी कि बड़ी संख्या में माओवादी, जिला सुकमा, ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों एवं बस्तर जिले के दरभा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत गांव चांदामेटा के पटेलपारा, गड़मेपारा, आंदालपारा, पयारभाट तथा तुलसी पहाड़ी एवं दलदली क्षेत्रों में दरभा डिवीजन की कांगेर वैली एरिया कमेटी एवं कटेकल्याण एरिया कमेटी के वरिष्ठ माओवादियों की उपस्थिति में बड़ी बैठक कर पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से हमला करने की योजना बना रहे थे।

उपरोक्त सूचना की पुष्टि के पश्चात, जिला बल, डीआरजी, सीएएफ और सीआरपीएफ के संयुक्त बल को वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान हेतु रवाना किया गया, जिसमें तत्कालीन पुलिस स्टेशन प्रभारी लालजी सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस स्टेशन दरभा के 02 सिपाहियों, डीआरजी 01 के कमांडर उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू और डीआरजी 02 के कमांडर उप-निरीक्षक मनोज तिर्की तथा अन्य कार्मिकों की एक टीम को समुचित जानकारी देकर तथा योजना बनाकर पर्याप्त हथियारों तथा गोलाबारूद, संचार उपकरण एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ नक्सल विरोधी अभियान हेतु दिनांक 17.06.2021 की रात्रि में पटेलपारा, पटनमपारा, पयारभाट की ओर रवाना किया गया। योजना के अनुसार, यह टीम दिनांक 18.06.2021 की सुबह निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व में उस क्षेत्र की गहन तलाशी लेते हुए पयारभाट की ओर बढ़ रही थी तथा नक्सलियों के मिलने की संभावित जगह से 1 किलोमीटर पहले इस टीम को नक्सलियों को सुनिश्चित तरीके से घेरने के उद्देश्य से दो भागों में बांटा गया। डीआरजी 01 के कमांडर उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू के साथ 36 जवानों की टीम योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी हेतु आगे बढ़ रही थी। सुबह लगभग 08:30 बजे, निरीक्षक लालजी सिन्हा के नेतृत्व वाली टीम के पटनमपारा से पयारभाट के बीच चांदामेटा के घने वन में पहुंचते ही पटनमपारा से पयारभाट के बीच जंगल की पहाड़ियों में माओवादियों का कैम्प दिखाई दिया। निरीक्षक लालजी सिन्हा और उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू के नेतृत्व में पूरी टीम ने आपसी समन्वय के साथ नक्सली कैम्प की घेराबंदी कर दी। प्रतिबंधित माओवादी संगठन के हथियारबंद नक्सलियों ने पुलिस कार्मिकों की हत्या करने और उनके हथियार लूटने की मंशा से पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। जिस पर तत्कालीन थाना प्रभारी दरभा निरीक्षक लालजी सिन्हा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने साथी उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू और टीम के अन्य सदस्यों को चौकसी बरतने तथा जवाबी कार्रवाई करने के लिए वायरलेस सेट के माध्यम से निदेश दिया। पुलिस दल के सदस्यों ने नक्सलियों को चेतावनी दी और गोलीबारी बंद करने तथा आत्मसमर्पण करने को कहा, परंतु नक्सलियों ने चेतावनी को अनसुना कर दिया और पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। इस कारण से, जान-माल की सुरक्षा हेतु अन्य कोई विकल्प न होने पर पुलिस दल ने आत्मरक्षा हेतु जवाबी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों पर गोलीबारी की। निरीक्षक लालजी सिन्हा, तत्कालीन थाना प्रभारी दरभा एवं उप-निरीक्षक भुनेश्वर साहू ने अपनी टीम के जवानों के साथ सामने से हो रही गोलीबारी के बीच उत्कृष्ट नेतृत्व कौशल का परिचय देते हुए असाधारण साहस एवं वीरता के साथ अपनी जान जोखिम में डालते हुए अपनी टीम के सदस्यों का लगातार उत्साहवर्धन किया तथा नक्सलियों की गोलीबारी

का जवाब गोलीबारी से दिया। पुलिस दल की ओर से बढ़ते दबाव एवं घेराबंदी को देखकर नक्सली एक दूसरे का नाम लेते हुए घने जंगल की आड़ में भाग खड़े हुए।

पुलिस और नक्सलियों के बीच लगभग एक घंटे तक गोलीबारी होती रही और पुलिस की सख्त कार्रवाई से नक्सली खुद को कमजोर पाकर जंगल और पहाड़ियों की ओर भागने लगे। पुलिस दल ने काफी दूर तक उनका पीछा किया, जिसके बाद नक्सली नाले में कूदकर वन और पहाड़ियों की आड़ लेकर भागने में सफल हो गए। गोलीबारी बंद होने के बाद, पुलिस दल ने चांदामेटा के पयारभाट स्थित घटनास्थल की तलाशी ली, जहां मौके पर एक वर्दीधारी महिला नक्सली मंगली, उम्र लगभग 30 वर्ष का शव बरामद हुआ। उसके पास से 25 जिंदा कारतूस के साथ मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल, एक काले रंग का पाउच और एक पिट्ठू बरामद किया गया। शव से लगभग 10 मीटर की दूरी पर एक 12 बोर की बंदूक, एक 12 बोर का देशी निर्मित कट्टा छोटी बैरल और 12 बोर के 05 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक 315 बोर का देशी निर्मित कट्टा, पाउच सहित 06 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। 30 मीटर की दूरी पर एक 315 बोर की देशी निर्मित पिस्तौल, 06 जिंदा कारतूस, पाउच और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की गईं।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री लालजी सिन्हा, निरीक्षक और भुनेश्वर साहू, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 18.06.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/18/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 20--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	संजय पोटाम	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	बुधराम कोरसा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	कमलेश मरकाम	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 15 जुलाई, 2021 को, पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को फरसपाल पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ढोलकल पेड्डापाल के वन क्षेत्र में 08-10 खूंखार माओवादियों और भैरमगढ़ एरिया कमेटी के सदस्यों नामत: मोहन, लच्छू, शंकर, अनिल सहित प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) की मौजूदगी के बारे में सटीक मानवीय आसूचना मिली। ढोलकल पेड्डापाल अत्यधिक संवेदनशील नक्सल प्रभावित गांवों में से एक है और प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) गतिविधियों का मुख्य क्षेत्र है। एक विस्तृत ऑपरेशनल योजना तैयार की गई और निरीक्षक संजय पोटाम, उप निरीक्षक ताती मुकेश और उप निरीक्षक साकेत बंजारे की कमान में 60 कार्मिकों की कुल नफरी के साथ डीआरजी दल 14:00 बजे आगे की ओर बढ़ा।

जैसे ही पुलिस दल ढोलकल पहाड़ी के वन क्षेत्र में पहुंचा, घात लगाए हुए नक्सलियों ने अचानक पुलिस बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक संजय पोटाम और उप निरीक्षक ताती मुकेश की कमान में डीआरजी के सैनिकों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की। कुछ समय बाद गोलीबारी बंद हुई और गोलीबारी वाले क्षेत्र में विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, तीन पुरुष माओवादियों के शव बरामद किए गए और बाद में उनकी पहचान, 1. मिलिशिया कंपनी प्लाटून कमांडर इन चीफ/भैरमगढ़ एरिया कमेटी सदस्य बिरजू काकेम पुत्र बरे उर्फ बुदरू, निवासी तमोड़ी पुलिस स्टेशन मिरतुर, जिला बीजापुर, 2. मिलिशिया सेक्शन बी कमांडर जग्गू काकेम पुत्र सुक्कू उर्फ कुकल, उम्र 26 वर्ष, निवासी तमोड़ी पुलिस स्टेशन मिरतुर, जिला बीजापुर और 3. बेचापाल आरपीसी डॉक्टर टीम कमांडर सुदरू तेलम पुत्र छन्नू उर्फ सन्नू तेलम, उम्र 25 वर्ष, निवासी तामोड़ी पुलिस स्टेशन मिरतुर, जिला बीजापुर के रूप में हुई और मुठभेड़ स्थल से एक रिवाल्वर, एक 7.65 एमएम पिस्तौल, 3 जिंदा कारतूस तथा एक देशी निर्मित पिस्तौल भी बरामद की गई।

सुरक्षा बलों की सफलता में निरीक्षक संजय पोटाम, हेड कांस्टेबल बुधराम कोरसा और सिपाही कमलेश मरकाम की अहम भूमिका रही। माओवादियों के गढ़ में इस ऑपरेशनल सफलता ने उन्हें पीछे धकेल दिया और पुलिस को इस क्षेत्र में मजबूती से अपने पैर जमाने में मदद मिली।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री संजय पोटाम, निरीक्षक, बुधराम कोरसा, हेड कांस्टेबल और कमलेश मरकाम, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 15.07.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/152/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 21--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्रीमती अंजु कुमारी	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
2.	श्री दिनेश भास्कर	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 18 दिसंबर, 2021 को, पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को सटीक मानवीय आसूचना मिली कि प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 50-60 खूंखार माओवादी और दरभा डिवीजन सचिव देवा, डीवीसी सदस्य जयलाल, सोमडू, रंसाई मलंगेर एरिया कमेटी के सदस्य कमलेश, राजू, हिड़मे, भीमा, मुकेश, नंदकुमार, सनी, पोज्जे, राकेश, मुये, भीमे, केशा के साथ प्लाटून संख्या 24 और प्लाटून संख्या 26 के 50 लोग सुकमा जिले के पुलिस स्टेशन अरनपुर के अंतर्गत गांव पोटाली मिछीपारा और गांव गोंडेरास के वन क्षेत्र में मौजूद हैं। पोटाली मिछीपारा वन और गांव गोंडेरास अत्यधिक संवेदनशील नक्सल प्रभावित गांव हैं और प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) गतिविधियों के मुख्य क्षेत्र हैं।

तदनुसार, एक विस्तृत ऑपरेशनल योजना बनाई गई और पुलिस उपाधीक्षक अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम और उप निरीक्षक हजारी लाल मौर्य की कमान में 187 कार्मिकों की कुल नफरी के साथ डीआरजी दल दोपहर 01:10 बजे आगे की तरफ चल पड़ा। जैसे ही पुलिस दल मिछीपारा और गोंडेरास के वन क्षेत्र में पहुंचा, घात लगाए हुए नक्सलियों ने अचानक पुलिस बलों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस उपाधीक्षक अंजु कुमारी, निरीक्षक संजय पोटाम और उप निरीक्षक हजारी लाल मौर्य की कमान में डीआरजी के सैनिकों ने जोरदार जवाबी कार्रवाई की। कुछ समय बाद, गोलीबारी बंद हो गई और गोलीबारी वाले क्षेत्र में एक गहन तलाशी अभियान चलाया गया।

तलाशी अभियान के दौरान, दो महिला माओवादियों के शव बरामद किए गए और बाद में उनकी पहचान (1) प्रेस टीम की सदस्या पोज्जे कोर्राम, निवासी नीलावाया मिलकनपारा, पुलिस स्टेशन अरनपुर जिला दंतेवाड़ा (2) मलंगेर एरिया कमेटी सदस्या हिड़मे मंडावी, निवासी दाउद परिया, पुलिस स्टेशन गादीरास, जिला सुकमा के रूप में की गई तथा घटनास्थल से 315 बोर की 01 देशी पिस्तौल, 7.62 एमएम की 01 पिस्तौल, 02 जिंदा कारतूस के साथ मैगजीन, 02 टिफिन बम और 10 मीटर तार बरामद किया गया।

सुरक्षा बलों की सफलता में पुलिस उपाधीक्षक अंजु कुमारी और सिपाही दिनेश भास्कर की भूमिका महत्वपूर्ण रही। माओवादियों के गढ़ में इस ऑपरेशनल सफलता ने उन्हें पीछे धकेल दिया और पुलिस बलों को इस क्षेत्र में अपने पांव जमाने में मदद मिली।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस की श्रीमती अंजु कुमारी, पुलिस उपाधीक्षक और श्री दिनेश भास्कर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 18.12.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/153/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 22-प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	चैतराम गुरुपंच	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	हेमला नंदू	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	प्यारस मिंज	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	मनोज पुनेम	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14 मार्च, 2022 को पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा को प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 40-50 खूंखार माओवादियों और कांगेर एरिया कमेटी की प्लाटून सं. 31 के कमांडर लिंगे तथा प्लाटून सं. 26 के कमांडर जयलाल एवं पेद्दारस एलओएस कमांडर मंजुला, प्रदीप, देवे सोनी, बामन, सुनील, महेश की मौजूदगी के बारे में सटीक मानवीय आसूचना मिली। वे दंतेवाड़ा सुकमा रोड पार करके एक महत्वपूर्ण स्थान की ओर बढ़ते हुए मलांगिर क्षेत्र में पहुंचे। यह क्षेत्र सर्वाधिक संवेदनशील नक्सल प्रभावित गांवों में से एक है और प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) गतिविधियों का मुख्य क्षेत्र है। तदनुसार, एक विस्तृत ऑपरेशनल योजना बनाई गई और निरीक्षक संजय पोटाम, उप-निरीक्षक चैतराम गुरुपंच, साकेत बंजारे, रामावतार पटेल के नेतृत्व में 284 कार्मिकों की कुल नफरी के साथ डीआरजी दल 20:30 बजे आगे की तरफ चल पड़ा। पुलिस स्टेशन कटेकल्याण के जियाकोरता गांव के वन में पुलिस दल को दो भागों में बांटा गया। दिनांक 15.03.2022 को प्रातः 06:00 बजे, एक दूसरे से सम्पर्क बनाए रखते हुए पोजीशन की तलाश करते हुए वे गांव ऐतेपाल- जियाकोरता के वन में पहाड़ी की ओर बढ़ रहे थे। दल संख्या 01, निरीक्षक संजय पोटाम के साथी डीआरजी 02, 04, 05 के कमांडर उप-निरीक्षक साकेत बंजारे, सुनील कुल 127 की नफरी के साथ उत्तर की ओर बढ़े तथा दल संख्या 02, निरीक्षक संतोष हेमला, डीआरजी सं. 01, 03, 06 के कमांडर चैतराम गुरुपंच, उप-निरीक्षक राम अवतार पटेल कुल 157 की नफरी के साथ दक्षिण की ओर बढ़े। सुबह लगभग 10:30 बजे गांव गोरली एवं मुठेली के बीच के घनी आबादी वाले क्षेत्र में माओवादियों के साथ गोलीबारी हुई। निरीक्षक संतोष हेमला और उप-निरीक्षक चैतराम गुरुपंच की कमान में डीआरजी के सैनिकों ने जोरदार जवाबी गोलीबारी की। कुछ देर बाद गोलीबारी बंद हो गई और घटनास्थल पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया।

तलाशी अभियान के दौरान दो महिला माओवादियों के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान बाद में (1) कटेकल्याण एरिया कमेटी सदस्य/पेडारस एलओएस कमांडर मंजुला पुनेम, पुत्री कोवा, निवासी गांव सावनार, पुलिस स्टेशन गंगालूर, जिला बीजापुर और (2) डीवीसी सुरक्षा दलम, गंगी मुचाकी, पुत्री देवा, निवासी गांव मेसडब्बा पुलिस स्टेशन कुकानार, जिला सुकमा के रूप में हुई। गोलीबारी के स्थल से 12 बोर की 02 बंदूक, 12 बोर की बंदूक के 08 जिंदा कारतूस, 1 भरमार, बिजली के तार के साथ 2 टिफिन बम और 4 पटाखे बरामद किए गए।

सुरक्षा बलों की सफलता में उप-निरीक्षक चैतराम गुरुपंच, हेड कांस्टेबल हेमला नंदू, हेड कांस्टेबल प्यारस मिंज और सिपाही मनोज पुनेम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। माओवादियों के गढ़ में इस ऑपरेशनल सफलता ने उन्हें पीछे धकेल दिया तथा पुलिस को इस क्षेत्र में मजबूती से अपने पैर जमाने में मदद मिली।

इस ऑपरेशन में, छत्तीसगढ़ पुलिस के सर्व/श्री चैतराम गुरुपंच, उप-निरीक्षक, हेमला नंदू, हेड कांस्टेबल, प्यारस मिंज, हेड कांस्टेबल और मनोज पुनेम, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 15.03.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/159/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 23-प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अजहर रशीद	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
2.	माजिद अफजल वानी	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 11.11.2021 को कुलगाम पुलिस को चांसर गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विश्वसनीय सूचना मिली। तदनुसार, कुलगाम पुलिस ने, डॉ. जी.वी. संदीप चक्रवर्ती-आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम के नेतृत्व में 9 आरआर और 18वीं बटालियन सीआरपीएफ की सहायता से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, ताकि आतंकवादियों को लक्षित क्षेत्र से भागने का कोई मौका न मिले। इस क्षेत्र की घेराबंदी युद्ध स्तर पर की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम ने आम नागरिकों के बहुमूल्य जीवन को बचाने के लिए, उन्हें घेराबंदी किए गए क्षेत्र से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने को विशेष प्राथमिकता दी, क्योंकि लक्षित क्षेत्र अत्यधिक आबादी वाला था। इस बीच, त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूआरटी) मौके पर पहुंची और उन्होंने खुद ऑपरेशन की निगरानी की तथा बिना किसी अतिरिक्त क्षति के ऑपरेशन चलाने के लिए एक ऑपरेशनल योजना तैयार की। ऑपरेशनल योजना के अनुसार, फंसे हुए आतंकवादियों को मार गिराने के साथ-साथ सबसे पहले आम नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें घेराबंदी वाले क्षेत्र से निकालने हेतु दो टीमें गठित की गईं। एक टीम में श्री अजहर रशीद, पुलिस उपाधीक्षक, हेड कांस्टेबल माजिद अफजल वानी के साथ जिला पुलिस कुलगाम, 9 आरआर और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के पर्याप्त जवान शामिल थे और दूसरी टीम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुलगाम के साथ जिला पुलिस कुलगाम, 9 आरआर और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन के पर्याप्त जवान शामिल थे। दोनों ऑपरेशनल टीमें छिपे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए लक्षित घर के करीब पहुंचीं, लेकिन इस बीच, आतंकवादियों ने ऑपरेशनल टीमों की ओर ग्रेनेड फेंके और उसके बाद अपने अवैध स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी की तथा घनी आबादी का फायदा उठाकर मौके से भागने की कोशिश की।

तथापि, दोनों ऑपरेशनल टीमों ने आतंकवादियों के पदचिह्नों का पीछा किया और उनके साथ नजदीकी लड़ाई लड़ी। बहादुर ऑपरेशनल टीमों ने अपनी जान की परवाह किए बिना चतुराई से जवाबी कार्रवाई की, आतंकवादियों की ओर से हो रही गोलियों की बौछार का सामना किया और वे दल पर चलाई गई गोलियों और ग्रेनेड से चमत्कारिक तरीके से बच निकले। अंदर फंसे हुए आतंकवादियों ने घटनास्थल से भाग निकलने के लिए हर संभव चालाकी की, लेकिन ऑपरेशनल योजना सफल रही एवं दो कट्टर वर्गीकृत आतंकवादियों को बिना किसी अतिरिक्त क्षति के मौके पर ही मार गिराया गया। बंदूक की भीषण लड़ाई के दौरान, श्री अजहर रशीद, पुलिस उपाधीक्षक पीसी कुलगाम और हेड कांस्टेबल माजिद अफजल वानी ने जिला पुलिस कुलगाम, 9 आरआर और सीआरपीएफ की 18वीं बटालियन की क्यूआरटी के साथ मिलकर देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय अखंडता के हित में अपने जीवन और अंगों को जोखिम में डालकर आतंकवादियों को मार गिराने के लिए एकता, घनिष्ठ समन्वय, उत्साह, टीम वर्क की भावना के साथ-साथ जुनून का भी प्रदर्शन किया। पुलिस दल द्वारा अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना प्रदर्शित की गई एकजुटता ने 02 खूंखार आतंकवादियों को खत्म करने में एक अनुकरणीय भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, टीमों ने सूझबूझ का परिचय दिया और बिना किसी अतिरिक्त क्षति के आतंकवादियों को मौके पर ही मार गिराने में रणनीतिक कौशल का कारगर इस्तेमाल किया। आतंकवाद के खतरे को समाप्त करने और हमारे देश के शांतिप्रिय लोगों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के चूक रहित ऑपरेशन इस समय जरूरी हैं। हिजबुल मुजाहिद्दीन (एचएम) संगठन के मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में, शेराज अहमद लोन उर्फ शेराज मोलवी/हैरिस (जिला कमांडर), पुत्र अब्दुल रशीद लोन, निवासी चांसर कुलगाम और यावर अहमद भट्ट, पुत्र अब्दुल समद भट्ट, निवासी पानीपोरा कुलगाम के रूप में हुई।

टीमों द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयासों के परिणामस्वरूप, एक बड़ा आतंकी खतरा समाप्त हो गया। खूंखार आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार/गोलाबारूद बरामद किया गया। आगे की जांच के लिए, पुलिस स्टेशन कुलगाम में आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13, 16, 20 और 38 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 237/2021 दर्ज की गई है। इन आतंकवादियों की मौत इन संबंधित प्रतिबंधित आतंकी संगठनों की संरचनात्मक और कार्यात्मक यूनिट के लिए एक बड़ा झटका थी। वे पुलिस अधिकारियों की हत्या, बैंक लूट और पुलिस गार्डों एवं प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल थे। इस प्रकार, उनका उद्देश्य शांति को बिगाड़ना और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के बीच अराजकता की भावना पैदा करना और इस तरह से लोकतंत्र के मूल भावना को चोटिल और आहत करना था।

श्री अजहर रशीद, पुलिस उपाधीक्षक, पीसी कुलगाम और हेड कांस्टेबल माजिद अफजल वानी द्वारा प्रदर्शित पेशेवरता और उत्कृष्ट साहस ने एक विशिष्ट भूमिका निभाई तथा उन्होंने सामान्य कर्तव्यों से आगे बढ़कर कार्रवाई की और अपने बहुमूल्य जीवन की परवाह किए बिना कुशलतापूर्वक और बुद्धिमानी से आतंकवादियों से मुकाबला किया, जो कि उल्लेखनीय था तथा अत्यंत प्रतिकूल परिस्थिति में लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उनका प्रयास वास्तव में वीरतापूर्ण था। उन्होंने अपनी सूझबूझ तथा बेहतर पुलिस व्यवस्था की मदद से घेराबंदी क्षेत्र में फंसे आम नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें हताहत होने से बचाया। हालांकि, आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की पूरी कोशिश की, जिसमें वे बाल-बाल बचे।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री अजहर रशीद, पुलिस उपाधीक्षक और माजिद अफजल वानी, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 11.11.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/15/2023 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 24--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक(जीएम) का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सफ़ीर लोन	सिपाही	वीरता पदक का प्रथम बार
2.	शहनवाज़ अहमद दीदाद	सिपाही	वीरता पदक का प्रथम बार

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26.05.2022 को कुपवाड़ा पुलिस द्वारा गांव जुमगुंड, पुलिस स्टेशन त्रेहगाम के क्षेत्र से सटी वन भूमि में छिपे हुए आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में जुटाई गई एक विशिष्ट सूचना के आधार पर, श्री उदयभास्कर बिल्ला-आईपीएस, उप-महानिरीक्षक एनकेआर बारामुला और श्री युगल मन्हास-जेकेपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुपवाड़ा की निगरानी में सेना के 04 सिख और कुपवाड़ा पुलिस के जवानों द्वारा एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। प्राप्त सूचना का सावधानीपूर्वक विश्लेषण करके तथा तैयार की गई रणनीति के अनुसार एक कार्रवाई योग्य योजना बनाने के बाद, पुलिस के तलाशी दल ने अन्य बलों की सहायता से क्षेत्र की घेराबंदी की और संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों के घेराबंदी तोड़कर भागने को नाकाम करने के लिए भागने के सभी संभावित रास्तों को रणनीतिक तरीके से और गुप्त रूप से बंद कर दिया गया। चूंकि यह क्षेत्र घने वनों और ऊपरी रीच के कारण अत्यधिक संवेदनशील है, कुपवाड़ा पुलिस और सेना के संयुक्त बलों ने बड़े कारगर ढंग से तलाशी अभियान शुरू किया।

आसूचना के अनुसार हाल ही में जिला कुपवाड़ा में घुसपैठ करने वाले आतंकवादी जंगल में छिपे हुए थे और पहाड़ी एवं दुर्गम इलाके के कारण पुलिस दल के लिए उन्हें ढूंढ पाना बेहद चुनौतीपूर्ण था। अन्य क्षेत्रों में भी तलाशी अभियान शुरू किया गया और उप-महानिरीक्षक उदयभास्कर बिल्ला के नेतृत्व और नियंत्रण में पुलिस दल और सेना अपनी व्यक्तिगत क्षति की परवाह किए बिना आगे बढ़ी तथा आतंकवादियों की गतिविधि को देखा। सैनिकों द्वारा देख लिए जाने पर, छिपे हुए आतंकवादी ने उन्हें हताहत करने और घेरा तोड़कर भागने के उद्देश्य से तलाशी दल पर स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे आतंकवादियों और सेना/पुलिस के बीच भारी गोलीबारी हुई। विभिन्न ऑपरेशनल दलों के साथ महत्वपूर्ण तालमेल का प्रदर्शन करके, उप-महानिरीक्षक उदयभास्कर बिल्ला-आईपीएस के संयुक्त हमला दल ने सहायक पुलिस अधीक्षक प्रदीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक राशिद युनिस, हेड कांस्टेबल गुलजार अहमद, सिपाही सफ़ीर लोन, सिपाही शाहनवाज़ अहमद दीदाद की सहायता से खुद को सामरिक रूप से व्यवहार्य स्थिति में तैनात किया और तीनों आतंकवादियों को खत्म करने के लिए आमने-सामने की करीबी बंदूक की लड़ाई शुरू की।

मुठभेड़ के दौरान, सेना का 01 पोर्टर अब्दुल लतीफ कुरैशी, पुत्र अब्दुल मजीद कुरैशी, निवासी जुमगुंड तहसील त्रेहगाम, जिला कुपवाड़ा भी घायल हो गया और बाद में उनकी मौत हो गई। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में, उस्मान उर्फ परवेज (एफटी), लश्कर-ए-तैयबा के रूप में हुई, जो वर्ष 2015 से जिला कुपवाड़ा में सक्रिय था और वर्ष 2018 में घुसपैठ से वापस पीओके में चला गया था तथा मुस्तफा (एफटी) एलईजे और स्थानीय आतंकवादी वसीम अहमद वानी (एलटी) पुत्र मुश्ताक अहमद वानी निवासी मीरपोरा बीरवाह बडगाम के रूप में हुई। इन तीन आतंकवादियों के खात्मे से जिला कुपवाड़ा में आतंकवादी संगठनों की कमर टूट गई। सिपाही सफ़ीर लोन और सिपाही शाहनवाज़ अहमद दीदाद आतंकवादियों से लड़ते हुए बाल-बाल बचे, लेकिन उन्होंने अत्यंत साहस का प्रदर्शन करते हुए तीनों आतंकवादियों को मार गिराया और इस प्रकार इस क्षेत्र में सुरक्षा बलों का भारी नुकसान होने से बचाया। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। आगे की जांच के लिए, पुलिस स्टेशन त्रेहगाम में आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13, 16, 18 और 20 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 33/2022 दर्ज है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री सफ़ीर लोन, सिपाही और शहनवाज़ अहमद दीदाद, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.05.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/17/2023 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 25-प्रेज/2025- भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक(जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	सुरेश कुमार भट्	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	आकिब कयूम यतू	एस.जी.सीटी	वीरता पदक
3.	मंजूर अहमद बजार्ड	एस.जी.सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गांव न्यू कॉलोनी तुजान, पुलवामा में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट आसूचना प्राप्त होने पर, पुलवामा पुलिस ने 53 आरआर और 183वीं बटालियन सीआरपीएफ के साथ मिलकर दिनांक 20/21.06.2022 की मध्य रात्रि के दौरान एक घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया। सभी भीतरी सड़कों, गलियों और रास्तों को अच्छी तरह से बंद करने के बाद, दो संयुक्त टीमों का गठन किया गया, जिसमें एक का नेतृत्व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जीएच जीलानी वानी कर रहे थे और उसमें हेड कांस्टेबल सुधीर पंडिता, एस.जी.सीटी शीराज अहमद पाल, सिपाही रऊफ अहमद पर्रे, एसपीओ किसर बशीर, एसपीओ जफर इकबाल 144/एसपीओ (पी) और 53 आरआर/सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन के घटक शामिल थे तथा दूसरी टीम का नेतृत्व सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार भट् कर रहे थे, जिसमें एस.जी.सीटी अकीब कयूम यटू, एस.जी.सीटी मंजूर अहमद बजार्ड, एसपीओ मोहम्मद असलम मीर, और एसपीओ पीर आकिब हसन तथा 53 आरआर एवं सीआरपीएफ की 183वीं बटालियन की क्यूआरटी के घटक शामिल थे तथा इन टीमों को संदिग्ध क्षेत्र में तलाशी लेने का कार्य सौंपा गया।

जैसे ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा के नेतृत्व में तलाशी दल लक्षित स्थान के पास पहुंचा, वहां छिपे आतंकवादियों ने घेराबंदी को तोड़ने और मौके से भाग निकलने के उद्देश्य से उक्त दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तथापि, तलाशी दल ने तुरंत कवर लिया और कर्तव्यनिष्ठा के साथ आतंकवादियों की गोलीबारी का जवाब दिया, जिसके कारण घिरे हुए आतंकवादियों को घेराबंदी वाले क्षेत्र से भागने के लिए कोई रास्ता नहीं मिला। सहायक उप-निरीक्षक सुरेश कुमार भट् के नेतृत्व में दूसरा तलाशी दल प्रारंभिक तलाशी में सहायता के लिए तुरंत मौके पर पहुंचा। मानवीय जीवन के नुकसान से बचने के लिए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा के निर्देश पर, एक पुलिस टीम ने घेराबंदी वाले क्षेत्र में फंसे सभी आम नागरिकों को सफलतापूर्वक निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया। लक्षित क्षेत्र से बाहर आने के बाद, प्रारंभिक दल को प्रथम घेरे में तैनात रहने और प्रथम घेरे में तैनात अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों को लक्षित क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों की मौजूदगी और उनकी गतिविधि

के संबंध में दिशा-निर्देश देने की सलाह दी गई। इसके बाद, ऑपरेशनल कमांडर (वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलवामा) ने घेराबंदी में फंसे हुए आतंकवादियों से बार-बार आत्मसमर्पण करने की अपील की, लेकिन आतंकवादियों ने प्रस्ताव को स्वीकार करने के बजाय सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें संयुक्त दलों के सैनिक बाल-बाल बचे। तथापि, टीमों ने अपनी एकाग्रता नहीं खोई और अपनी जान की परवाह किए बिना समर्पण तथा साहस के साथ आतंकवादियों की गोलीबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया तथा अल-बद्र संगठन के सी-श्रेणी के दो आतंकवादियों को मार गिराया, जिनकी पहचान आबिद अहमद शेख, पुत्र बशीर अहमद शेख, निवासी बारपोरा पुलवामा और माजिद नजीर वानी, पुत्र नजीर अहमद वानी, निवासी बनपोरा लाडू पीडी अवंतीपोरा के रूप में हुई है। मारे गए आतंकवादियों के कब्जे से हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। आगे की जांच के लिए राजपोरा पुलिस स्टेशन में, आईपीसी की धारा 307, भारतीय आयुध अधिनियम की धारा 7/25, 7/27 तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18, 19, 20, 38 और 39 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 48/2022 दर्ज है।

उपर्युक्त कट्टर आतंकवादियों का निराकरण, आतंकवादी संवर्गों विशेष रूप से अल-बद्र संगठन के लिए एक बड़ा झटका है और सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री सुरेश कुमार भट्, सहायक उप-निरीक्षक, आकिब कयूम यतू, एस.जी.सीटी और मंजूर अहमद बजार्ड, एस.जी.सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 21.06.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/127/2023 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 26--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक(जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं: —

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	विजय कुमार, भापुसे	पुलिस महानिरीक्षक	वीरता पदक
2.	राकेश बलवाल, भापुसे	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
3.	इफ्तखार तालिब	पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
4.	फरोज़ अहमद डार	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक का प्रथम बार
5.	सुदीश सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
6.	पवन कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
7.	इरशाद अहमद लोहार	एस.जी.सीटी	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 14.06.2022 को, पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर के एक मुखबिर से श्रीनगर के बर्निना इलाके में अवैध हथियारों/गोला-बारूद से लैस आतंकवादियों की गतिविधि/मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना प्राप्त हुई। यह भी पता चला कि आतंकवादियों की श्री अमरनाथ जी यात्रा के मद्देनजर पुलिस/सुरक्षा बल के काफिले/ उनकी तैनाती के स्थान पर हमला करके तंगपोरा-परिमपोरा मार्ग से एनएचडब्ल्यू पर फिदायीन हमले जैसी घटना को अंजाम देने की योजना है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए और आतंकवादियों के सटीक स्थान/सही पहचान का पता लगाने के लिए, तुरंत जिला पुलिस/एसओजी श्रीनगर की पुलिस टीमों का गठन किया गया और उन्हें उस क्षेत्र में तैनात किया गया, ताकि इस मामले में बिना किसी अतिरिक्त क्षति के कार्रवाई की जा सके।

तत्काल ही पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार, आईपीएस, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश बलवाल, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक इफ्तखार तालिब द्वारा एक ऑपरेशनल योजना तैयार की गई। ऑपरेशनल योजना के अनुसार, पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर जोन श्रीनगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, पुलिस अधीक्षक एसओजी श्रीनगर, पुलिस उपाधीक्षक मोहन लाल, पुलिस उप-निरीक्षक आकिब अहमद, सहायक उप-निरीक्षक फरोज़ अहमद डार, हेड कांस्टेबल सुदीश सिंह, हेड कांस्टेबल पवन कुमार, एस.जी.सीटी इरशाद अहमद लोहार और अन्य के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया, ताकि आतंकवादियों के खिलाफ उपयुक्त और आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इस चरण में, आतंकवादियों का पीछा करने और किसी भी अप्रिय घटना से बचने तथा उपयुक्त कार्रवाई करने के लिए, विशेष टीम को 03 हमला टीमों में विभाजित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर की देखरेख में पहली टीम, पुलिस अधीक्षक एसओजी श्रीनगर की निगरानी में दूसरी टीम और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर की देखरेख में तीसरी टीम को जेवीसी बर्निना बाईपास, श्रीनगर में नाका/घात लगाने का कार्य सौंपा गया।

पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर, पुलिस अधीक्षक एसओजी श्रीनगर की समग्र देखरेख में सभी 03 हमला दलों ने एनएचडब्ल्यू के दोनों ओर 03 घात दलों के सामने तैनात किया गया, ताकि सबसे संभावित उस मार्ग को कवर किया जा सके जो पास के सरकारी अस्पताल (आम नागरिकों और रोगियों से भरा हुआ) की ओर जाता था, जिसे आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी के दौरान भागने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था। आतंकवादी, जो एक "फिदायीन दस्ते" के रूप में थे, जब नाका/घात दल के पास पहुंचे, तो उन्होंने नाका दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की और पास के झाड़ीदार क्षेत्र में भाग गए, जो एक तरफ सरकारी अस्पताल और दूसरी तरफ एनएचडब्ल्यू से घिरा था।

इस मौके पर, पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर और पुलिस उपाधीक्षक एसओजी श्रीनगर अपनी टीमों के साथ रेंगते हुए और ऑपरेशनल रणनीति अपनाते हुए लक्षित क्षेत्र की ओर बढ़ते रहे। पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर और पुलिस उपाधीक्षक मोहन लाल अपनी टीमों/दलों के साथ उस क्षेत्र के करीब पहुंच गए, जहां आतंकवादी छिपे हुए थे। पुलिस दल की गतिविधि को देखकर, छिपे हुए आतंकवादियों ने पुलिस दल की ओर ग्रेनेड फेंके और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। इस बीच, एक आतंकवादी झाड़ीदार क्षेत्र के दूसरी तरफ भाग गया। इस कार्रवाई के दौरान, कुछ पुलिस कार्मिक कई छर्रे लगने से जख्मी हो गए।

अपनी टीम के लिए सामने से और अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए, पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर अपनी टीम/दल के साथ दृढ़ रहे और उन्होंने अत्यधिक धैर्य बनाए रखा। आतंकवादियों को सरकारी अस्पताल (जो हमेशा महिलाओं और बच्चों सहित आम लोगों से भरा होता है) की ओर जाने से रोकने और बंधक जैसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए, उन्होंने आतंकवादियों को चुनौती दी, जिसके दौरान पुलिस महानिरीक्षक कश्मीर और उनकी टीम को आतंकवादियों की ओर से किए गए हमले के दौरान अंधाधुंध गोलीबारी एवं ग्रेनेड से हमले का सामना करना पड़ा। आम नागरिकों के जीवन पर मंडराते खतरे को भांपते हुए, पुलिस महानिरीक्षक अपनी टीम के साथ सामने से हो रही गोलियों की बौछार के बीच आगे बढ़ते रहे और उन्होंने अपने निजी जीवन की परवाह किए बिना तथा अदम्य साहस का परिचय देते हुए, बहुत करीब से हुई बंदूक की लड़ाई में एक आतंकवादी को मार गिराया, जिसकी पहचान बाद में, पाकिस्तानी आतंकवादी कमांडर नामत: राही भाई उर्फ अब्दुल्ला गोजरी, निवासी पाकिस्तान के रूप में हुई, जो लश्कर-ए-तैयबा संगठन का 'ए+' श्रेणी का आतंकवादी था। आतंकवादी कमांडर राही भाई उर्फ अब्दुल्ला गोजरी, निवासी पाकिस्तान के खात्मे के तुरंत बाद, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर और पुलिस अधीक्षक एसओजी श्रीनगर के नेतृत्व में दूसरी और तीसरी टीमें एक अन्य छोटी टीम के साथ पास के झाड़ीदार क्षेत्र की ओर पहुंचीं, जहां दूसरे आतंकवादी ने तीन तरफ से कंक्रीट की दीवार के कवर वाले एक रणनीतिक स्थान पर पोजीशन ली हुई थी। पुलिस दल की गतिविधि को देखते हुए, उक्त छिपे हुए आतंकवादी ने आगे बढ़ रहे दल की ओर ग्रेनेड फेंके और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे आगे बढ़ रहे दल के कई जवान घायल हो गए। अपनी टीम के सदस्यों की जान पर मंडराते खतरे को भांपते हुए, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीनगर और पुलिस अधीक्षक एसओजी श्रीनगर छोटी हमला टीम के साथ जान की परवाह किए बिना अपना कवर छोड़कर बहादुरी के साथ आतंकवादी की ओर बढ़े और बहुत ही नजदीक से हुई बंदूक की लड़ाई में दूसरे आतंकवादी को मार गिराया, जिसकी पहचान बाद में आदिल हुसैन मीर उर्फ मुसैब, पुत्र अल्ताफ हुसैन मीर, निवासी लिवर श्रीगुफवारा अनंतनाग के रूप में हुई, जो कि लश्कर-ए-तैयबा संगठन का 'बी-' श्रेणी का पीटीएम था।

इस तत्काल ऑपरेशन में, 05 पुलिस कार्मिक कई छर्रे लगने से जख्मी हो गए। बाद में, मारे गए आतंकवादियों के शव मुठभेड़ स्थल से बरामद किए गए। मारे गए आतंकवादियों के पास से भारी मात्रा में हथियार/गोला-बारूद बरामद किया गया। आगे की जांच के लिए पुलिस स्टेशन बर्निना श्रीनगर में आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18 और 38 के तहत मामलागत एफआईआर संख्या 52/2022 दर्ज है।

यह ऑपरेशन बिना किसी अतिरिक्त क्षति के पूरा हुआ और उक्त आतंकवादियों का खात्मा दक्षिण/मध्य कश्मीर रेंज में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका था। ये आतंकवादी घाटी में आतंकवाद से संबंधित कई गतिविधियों/हमलों में भी शामिल थे। इस तत्काल ऑपरेशन में पुलिस दलों तथा अन्य ऑपरेशनल दलों की भूमिका और नेतृत्व कौशल अनुकरणीय था। उन्होंने ऑपरेशन की शुरुआत से लेकर इसके समापन तक, पुलिस दलों के बीच समन्वय स्थापित करने में भी असाधारण भूमिका निभाई। उन्होंने ऑपरेशनल रणनीति, जैसे कि

आम नागरिकों की सुरक्षा करने और उनका बचाव करने/सुरक्षित बाहर निकालने, सर्वोत्तम संभव ऑपरेशनल योजना तैयार करने, ऑपरेशनल दलों के जीवन को प्राथमिकता देने और बिना किसी अतिरिक्त क्षति के आतंकवादियों पर हमला करने के माध्यम से उक्त ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीनगर के जेवीसी बर्निना क्षेत्र के पास चलाया गया यह आतंक-रोधी ऑपरेशन पुलिस के लिए सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन था, क्योंकि सेना/केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल इसमें शामिल नहीं थे।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सर्व/श्री विजय कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, राकेश बलवाल, भापुसे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इफ्तखार तालिब, पुलिस अधीक्षक, फरोज़ अहमद डार, सहायक उप-निरीक्षक, सुदीश सिंह, हेड कांस्टेबल, पवन कुमार, हेड कांस्टेबल और इरशाद अहमद लोहार, एस.जी.सीटी ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 14.06.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/73/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 27--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री हिमायूं मुज्जममिल	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28.06.2021 को 06:15 बजे, श्रीनगर पुलिस को एक विशिष्ट सूचना मिली कि अवैध हथियारों/गोला-बारूद से लैस कुछ आतंकवादी अपना ठिकाना उत्तरी कश्मीर से बदलकर मध्य कश्मीर, श्रीनगर में बनाने की योजना बना रहे हैं और एनएचडब्ल्यू (परिमपोरा-बारामूला मार्ग) के रास्ते बारामूला से श्रीनगर की ओर जा रहे हैं। प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, श्रीनगर पुलिस घटक/श्रीनगर पुलिस/बारामूला पुलिस ने सेना (24 आरआर/02 आरआर) और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ के साथ मिलकर परिमपोरा में टोयोटा क्रॉसिंग श्रीनगर के पास श्रीनगर-बारामूला राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई संयुक्त नाके लगाए, ताकि श्रीनगर शहर में आतंकवादियों की ऐसी किसी भी आवाजाही/प्रवेश को रोका जा सके। बारामूला से श्रीनगर शहर की ओर आ रहे वाहनों की जांच के दौरान संयुक्त नाका दल ने एक ऑल्टो-800 कार (सफेद) को रोका। उक्त वाहन की तलाशी के दौरान, वाहन चला रहे संदिग्ध व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन वहां तैनात संयुक्त नाका दल के मुस्तैद जवानों ने उस पर काबू कर लिया और सावधानी के साथ उसे पकड़ लिया। उक्त व्यक्ति की तलाशी के दौरान उसके पास से कारतूस के साथ 01 चीनी पिस्तौल और 01 हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। तदनुसार, आगे की पूछताछ के लिए उसे पुलिस स्टेशन परिमपोरा ले जाया गया, जहां उसकी पहचान अबरार नदीम भट्ट उर्फ खिताब, पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट, निवासी कालू मोहल्ला नरबल, जिला बडगाम के रूप में हुई, जो लश्कर-ए-तैयबा संगठन का "ए"-श्रेणी का आतंकवादी था। उस आतंकवादी से लगातार की गई पूछताछ के दौरान, यह भी खुलासा हुआ कि उसने श्रीनगर के गौसिया मोहल्ला मलूरा इलाके में स्थित एक आवासीय मकान में एके-47 राइफल और कुछ गोला-बारूद छिपा रखा था, जिसके बाद पुलिस/सुरक्षा बलों ने इनकी बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए पकड़े गए आतंकवादी के साथ उक्त क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया।

तुरंत ही, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बारामूला, पुलिस अधीक्षक सज्जाद अहमद शाह और पुलिस अधीक्षक परबीत सिंह ने ऑपरेशन की रूपरेखा तैयार की। तदनुसार, कुल नफरी को 02 दलों में विभाजित किया गया। पुलिस, वैली क्यूएटी सीआरपीएफ, सेना (24-आरआर) के सैनिकों वाले पहले दल को लक्षित घर की आंतरिक घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। दक्षिण जोन श्रीनगर/पश्चिम जोन श्रीनगर के ऑपरेशनल पुलिस दलों, सेना (02-आरआर) के सैनिकों वाले दूसरे दल को लक्षित क्षेत्र की बाहरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया।

पहले, लक्षित घर के इंटरवेंशन की योजना बनाई गई और इंटरवेंशन दल में बारामूला पुलिस/श्रीनगर पुलिस/पुलिस घटक श्रीनगर, सेना (24 आरआर/02 आरआर) और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ की पर्याप्त सैनिक शामिल थे, जिन्होंने पूरी सावधानी बरतते हुए इंटरवेंशन की प्रक्रिया शुरू की। छिपे हुए आतंकवादी द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी से पकड़े गए स्थानीय आतंकवादी अबरार नदीम भट्ट उर्फ खिताब, पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट, निवासी कालू मोहल्ला नरबल, जिला बडगाम के साथ-साथ सुरक्षा बलों के तीन कार्मिक, नामत: सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट सतेन्द्र कुमार, उप-निरीक्षक शिवम चौहान और सिपाही मो. वसीम गंभीर रूप से घायल हो गए। तुरंत ही, संयुक्त दलों ने पोजीशन ले ली, बहादुरी

से जवाबी गोलीबारी की और घायल सुरक्षा बल कार्मिकों तथा पकड़े गए घायल स्थानीय आतंकवादी को 92-बेस अस्पताल श्रीनगर की ओर ले गए। तथापि, घायलों को अस्पताल ले जाते समय पकड़े गए घायल स्थानीय आतंकवादी अबरार नदीम भट्ट उर्फ खिताब, पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट, निवासी कालू मोहल्ला नरबल, जिला बडगाम ने अपनी गंभीर चोटों के कारण दम तोड़ दिया। इस दौरान छिपे हुए आतंकवादी को आत्मसमर्पण करने की भी पेशकश की गई, जिसे उसने अस्वीकार कर दिया और सुरक्षा बलों पर हमला जारी रखा।

इस चरण में, ऑपरेशन की निगरानी कर रहे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बारामूला और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक पीसी श्रीनगर ने अंधेरे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए संयुक्त ऑपरेशनल दलों को रात (28/29 जून, 2021) में ऑपरेशन को रोकने का निदेश दिया। छिपे हुए आतंकवादी को लक्षित आवासीय घर से बाहर निकालने के लिए एक उचित ऑपरेशनल योजना तैयार की गई। घेराबंदी वाले क्षेत्र में लाइटें लगाई गईं और सभी गलियों/उप-गलियों को ठीक से बंद/अवरूद्ध किया गया। इसके अलावा, आस-पास के घरों में रह रहे लोगों को भी बाहर निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और किसी अतिरिक्त क्षति के बिना छिपे हुए आतंकवादी को मार गिराने के उद्देश्य से उजाला होते ही इस ऑपरेशन को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

दिनांक 29.06.2021 को उजाला होते ही, ऑपरेशन फिर से शुरू किया गया और ऑपरेशनल योजना के अनुसार, निगरानी कर रहे अधिकारियों ने यह निर्णय लिया कि ऑपरेशनल दल लक्षित घर की ओर आगे बढेंगे। पहले दल को दक्षिण-पूर्व की ओर से लक्षित घर की ओर बढ़ने के लिए कहा गया, जबकि दूसरे दल को दक्षिण-पश्चिम की ओर से लक्षित घर में प्रवेश करने/घर की ओर बढ़ने के लिए कहा गया। छिपे हुए आतंकवादी ने घर की ओर बढ़ते हुए बल कार्मिकों को देखकर ग्रेनेड फेंका, जो ऑपरेशनल दलों की चतुराई के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। छिपे हुए आतंकवादी ने घेराबंदी तोड़ने और मौके से भागने के इरादे से ऑपरेशनल दलों पर अंधाधुंध गोलीबारी की, लेकिन दलों ने उत्कृष्ट ऑपरेशनल रणनीति के साथ प्रभावी ढंग से तथा बहादुरी और समझदारी से गोलीबारी का जवाब दिया और अंततः, छिपे हुए आतंकवादी को मार गिराया।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में, लश्कर-ए-तैयबा के "ए++" श्रेणी के आतंकवादी बाबर नदीम, निवासी पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा के एक "ए" श्रेणी के आतंकवादी अबरार नदीम भट्ट, पुत्र मोहम्मद रमजान भट्ट, निवासी कालू मोहल्ला नरबल, जिला बडगाम के रूप में हुई। गौसिया मोहल्ला मलूरा श्रीनगर में आतंकवादी की गिरफ्तारी और मुठभेड़ के संबंध में, परिमपोरा श्रीनगर में पुलिस स्टेशन परिमपोरा में 02 मामलागत एफआईआर, यथा (1) विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 13, आयुध अधिनियम की धारा 7/25 के तहत एफआईआर संख्या 188/2021 और (2) आईपीसी की धारा 307, आयुध अधिनियम की धारा 7/27 और विधिविरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 16, 18 और 20 के तहत एफआईआर संख्या 189/2021 दर्ज हैं।

मारे गए आतंकवादी कई आतंकवादी हमलों/घटनाओं में शामिल थे, इसके अलावा वे श्रीनगर शहर में लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ संगठन के आधार को मजबूत करने में भी शामिल थे। वे मलूरा, परिमपोरा, टेंगपोरा, ओल्ड बरजुल्ला, नटीपोरा और श्रीनगर जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा/टीआरएफ में शामिल होने के लिए प्रेरित करने में भी शामिल थे।

इस तत्काल ऑपरेशन में पुलिस और अन्य ऑपरेशनल दलों, विशेष रूप से पुलिस उपाधीक्षक हिमायूं मुज्जममिल की भूमिका महत्वपूर्ण थी और उनका नेतृत्व अनुकरणीय था। उन्होंने ऑपरेशन की शुरुआत से लेकर इसके समापन तक, पुलिस और वैली क्यूएटी सीआरपीएफ/सेना के संयुक्त ऑपरेशनल दलों के बीच समन्वय में भी असाधारण योगदान दिया और ऑपरेशनल रणनीति, जैसे कि आस-पास के आम नागरिकों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने, सर्वोत्तम संभव ऑपरेशनल योजना तैयार करने, ऑपरेशनल दलों के सदस्यों के जीवन को प्राथमिकता देने और किसी अतिरिक्त क्षति के बिना आतंकवादियों पर हमला करने के माध्यम से ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर पुलिस के स्व. श्री हिमायूं मुज्जममिल, पुलिस उपाधीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.06.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/107/2023 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. -28-प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, ओडिशा पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	गिरीश चंद्र माझी	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	पबित्र कुमार साहू	हवलदार	वीरता पदक
3.	उमेश मुंडा	हवलदार	वीरता पदक
4.	पिताम्बर सतनामी	सिपाही	वीरता पदक
5.	कबि चंद्र राउत	सिपाही	वीरता पदक
6.	सुशांत कुमार सागर	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23.11.2022 को, बोलनगीर जिले की खपराखोल पुलिस स्टेशन सीमा के अंतर्गत गंधमर्दन आर.एफ. क्षेत्र में सुदर्शन उर्फ मुप्पीडी संबलाह उर्फ बनबन्ना उर्फ जंगू उर्फ बिकाश के नेतृत्व में सीपीआई (माओवादी) संगठन की बीबीएम डिवीजन के 8-10 सशस्त्र कैडरों की गतिविधि और उनके इकट्ठा होने के बारे में एक विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई।

उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए, अनेक आपराधिक मामलों में वांछित इन माओवादियों को पकड़ने के लिए दिनांक 23.11.2022 को एसओजी टीमों की पांच यूनिटों के सहयोग से एक नक्सल विरोधी अभियान की योजना बनाई गई और इसे शुरू किया गया। दिनांक 24.11.2022 को लगभग 11:30 बजे, उप-निरीक्षक गिरीश चंद्र माझी के नेतृत्व में एसओजी एटी संख्या 38, द्वितीय कमान अधिकारी उप-निरीक्षक टी साहू और 34 कमांडो तलाशी अभियान चला रहे थे। अचानक, ऑलिव ग्रीन रंग की माओवादी वर्दी पहने 8-10 सशस्त्र माओवादी कैडरों के एक समूह ने बिना किसी उकसावे के पुलिस दल पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस दल ने रणनीतिक रूप से कवर लिया और ओडिया, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषाओं में ऊँची आवाज में पुलिस के रूप में अपनी पहचान बताई तथा माओवादियों को आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन माओवादी ने आत्मसमर्पण करने के बजाय पुलिस दल के जवानों को मारने के इरादे से अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। कोई अन्य विकल्प न मिलने पर, पुलिस दल ने पोजीशन ली और आत्मरक्षा में नियंत्रित एवं सीमित गोलीबारी शुरू की। माओवादियों की ओर से रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी करीब आधे घंटे तक चलती रही। गोलीबारी बंद होने के बाद, सभी रणनीतिक और एहतियाती कदम उठाते हुए पुलिस दल आगे बढ़ा और पूरे क्षेत्र की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान, ऑलिव ग्रीन रंग की वर्दी पहने दो महिलाओं के शव मौके पर पड़े मिले, जिनके शरीर पर गोली लगने के निशान थे और उनके शव के समीप 2 इंसास राइफल, 5.56 एमएम के 35 जिंदा कारतूस, 7.62 एमएम के 02 जिंदा कारतूस, 01 खाली खोखा, 02 इंसास मैगजीन, एक एसएलआर मैगजीन और अन्य माओवादी सामान भी बरामद किया गया। टीम के लीडर और अन्य सदस्यों ने अवसर के अनुसार अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जब इसकी सबसे अधिक आवश्यकता थी तथा विपरीत परिस्थितियों में इतनी कुशलता और सामरिक कौशल के साथ कार्रवाई की, जिससे न केवल दुश्मन को पीछे हटना पड़ा, बल्कि पुलिस टीम ने मामूली सी अतिरिक्त क्षति के साथ माओवादियों को भारी नुकसान पहुंचाया। इस सफल ऑपरेशन में दो महिला माओवादी कैडरों नामत: गीता (एसीएम) उम्र लगभग 28 वर्ष और रजीता (एसीएम), उम्र लगभग 32 वर्ष को मार गिराया गया, जो सीपीआई (माओवादी) की बीबीएम डिवीजन की थीं और ओडिशा सरकार ने प्रत्येक पर 4,00,000/- रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। टीम लीडर और सभी कमांडो ने दुश्मन का सामना करते हुए अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया तथा ड्यूटी के दौरान अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह नहीं की। इस कार्रवाई के दौरान, उन्होंने कई बार खुद को दुश्मन की ओर से हो रही गोलीबारी के सामने पाया, फिर भी वे अपने कर्तव्य के निर्वहन से विमुख नहीं हुए। निडरता से की गई उनकी कार्रवाई ने न केवल पुलिस टीम को दुश्मन द्वारा अचानक किए गए हमले से सुरक्षित रखा, बल्कि ऑपरेशन की सफलता को भी सुनिश्चित किया।

इस ऑपरेशन में, ओडिशा पुलिस के सर्व/श्री गिरीश चंद्र माझी, उप-निरीक्षक, पबित्र कुमार साहू, हवलदार, उमेश मुंडा, हवलदार, पिताम्बर सतनामी, सिपाही, कबि चंद्र राउत, सिपाही और सुशांत कुमार सागर, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 24.11.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/142/2023 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 29---प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	देवदत्त सिंह	सिपाही	वीरता पदक
2.	राजन कुमार	सिपाही	वीरता पदक
3.	ऋतुल कुमार वर्मा	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एसटीएफ उत्तर प्रदेश आदिवासी गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में, उप निरीक्षक, ब्रह्म प्रकाश के नेतृत्व में एसटीएफ टीम खानाबदोश गिरोहों द्वारा किए गए अपराधों का पता लगाने के लिए आसूचना जुटा रही थी। आसूचना जुटाने के दौरान, पता चला कि एक गिरोह सक्रिय है जो राजमार्गों पर एक्सल फेंककर और टायर पंचर करके लूटपाट करता है तथा यह कई सनसनीखेज और भयानक घटनाओं को अंजाम दे चुका है। इसके अलावा, दिनांक 26.10.2020 को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि यह गिरोह पुलिस स्टेशन नौहझील, जिला मथुरा के तहत यमुना एक्सप्रेस वे पर किसी सनसनीखेज घटना को अंजाम देने जा रहा है। सूचना प्राप्त होते ही एसटीएफ टीम हरकत में आई और टीम के साथी सिपाहियों देवदत्त सिंह, राजन कुमार और ऋतुल कुमार वर्मा आदि के साथ कस्बा बाजना पहुंची, जहां वे एसएचओ नौहझील से मिले। विचार-विमर्श के बाद, प्रभारी ओपी बाजना को निगरानी के लिए यमुना एक्सप्रेस वे पर भेजा गया, जिन्होंने सूचना दी कि बाजना कट से आगरा जाने वाली सर्विस रोड पर गाँव परसौली के पास जंगल में एक संदिग्ध वाहन खड़ा है। एसटीएफ और पुलिस स्टेशन नौहझील की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर पहुंची। थोड़ी दूर पर बाईं ओर स्थित ट्यूबवेल के रास्ते पर एक कार खड़ी थी। टीम अपने वाहनों को तेजी से चलाते हुए चकरोड स्थित ट्यूबवेल के पास पहुंची। पुलिस को भांपते हुए अचानक 04 संदिग्ध कार की ओर दौड़े। पुलिस कार्मिक अपने वाहनों से उतरकर संदिग्धों को पकड़ने के लिए झपटे। आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दिए जाने पर एक अपराधी चिल्लाया कि यह पुलिस है और उन्होंने पुलिस कार्मिकों को जान से मारने के लिए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तब तक पुलिस कार्मिक उनके करीब पहुंच गए और अपराधियों द्वारा की गई अचानक गोलाबारी से बाल-बाल बचे। आत्मसमर्पण करने के लिए कहे जाने पर दो अपराधी अर्टिगा कार के पास पहुंचे और उन्होंने पीछे मुड़कर पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी तथा बाकी 02 अपराधियों ने कार के सामने आकर गोलीबारी शुरू कर दी। अपराधियों द्वारा चलाई गई 01 गोली ऋतुल कुमार वर्मा को लगी जो बुलेट प्रूफ (बीपी) जैकेट के कारण बच गए। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां देवदत्त सिंह के बाएं हाथ में तथा राजन कुमार के पेट में दाहिनी ओर लगीं और वे घायल हो गए। अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी की रेंज में होने के बावजूद ऋतुल कुमार वर्मा और घायल देवदत्त सिंह तथा राजन कुमार ने अपराधियों को पकड़ने के जुनून में तथा कर्तव्य को सर्वोच्च मानते हुए, अपराधियों का बहादुरी से मुकाबला किया और उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर अनुकरणीय साहस का परिचय दिया। बार-बार चेतावनी और ललकार से अपराधी और अधिक हताश एवं उग्र हो गए और उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। अपराधियों पर काबू पाने के लिए कोई विकल्प न होने पर देवदत्त सिंह, ऋतुल कुमार वर्मा और राजन कुमार ने आत्मरक्षा में अपनी सर्विस पिस्तौल से नियंत्रित तरीके से गोलीबारी की। इसके परिणामस्वरूप, लगभग 19:10 बजे अर्टिगा से गोलीबारी कर रहा अपराधी लड़खड़ा गया और घायल होकर नीचे गिर गया। बाकी अपराधी गोलीबारी की आड़ में जंगल में भाग गए।

जब गोलीबारी बंद हुई तो पुलिस घायल अवस्था में कराहते पड़े हुए अपराधी के पास पहुंची। घायल अपराधी और पुलिस कार्मिकों को उनकी जान बचाने के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां घायल अपराधी ने दम तोड़ दिया। उसकी पहचान बाद में खूंखार अपराधी अनिल उर्फ अमित उर्फ अमित जुत्रा उर्फ अंकित चौहान उर्फ झुमरा के रूप में हुई, जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन द्वारा 1,00,000/- रुपये, पुलिस महानिरीक्षक, अलीगढ़ रेंज द्वारा 50,000/- रुपये और हरियाणा राज्य द्वारा 50,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

घटनास्थल से 04 खाली और 02 बेकार (मिस) कारतूसों सहित .32 बोर की एक रिवाल्वर, 01 खाली, 01 बेकार (मिस) और 15 जिंदा कारतूसों सहित एक 12 बोर की सिंगल बैरल पूनिया बंदूक, एक सीएमपी .315 बोर, 02 खाली, 02 जिंदा कारतूस, 02 एक्सल, दोनों तरफ से नुकीली 08 कीलें तथा एक अर्टिगा कार बरामद की गई।

खानाबदोश गिरोह के साथ हुई इस आमने-सामने की भीषण मुठभेड़ में सिविल पुलिस सिपाही देवदत्त सिंह, ऋतुल कुमार वर्मा और राजन कुमार ने अनुकरणीय साहस, वीरता और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया। सिपाही, देवदत्त सिंह और राजन कुमार ने घायल होने के बावजूद अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे अपराधियों का मुकाबला किया।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री देवदत्त सिंह, सिपाही, राजन कुमार, सिपाही और ऋतुल कुमार वर्मा, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.10.2020 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/171/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 30--प्रेज/2025- भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:-

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	निपुण अग्रवाल, भापुसे	पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	स्वतंत्र कुमार सिंह	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
3.	मुन्नेश सिंह	उप-निरीक्षक	वीरता पदक
4.	नीरज कुमार पाल	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 27/28.05.2022 की रात के दौरान, श्री निपुण अग्रवाल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश अपनी एस.ओ.जी टीम के साथ कानून एवं व्यवस्था तथा गश्ती पुलिस की तैनाती का निरीक्षण करने के लिए गाजियाबाद शहर क्षेत्र में गश्त कर रहे थे जिसके दौरान उन्हें उप-निरीक्षक मुन्नेश सिंह, एस.ओ. पुलिस स्टेशन मधुबा बापूधाम अपनी पुलिस टीम के साथ बुनकर मार्ट, बापूधाम क्रॉसिंग के पास मिले जहां वे पुलिस टीम की कमान संभाल रहे थे और उन्होंने वहां गहन वाहन-जांच शुरू की।

जांच के दौरान, श्री निपुण अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सिटी गाजियाबाद, जो पुलिस टीम की कमान संभाले हुए थे, उन्हें स्वाट टीम के प्रभारी उप-निरीक्षक से सूचना प्राप्त हुई कि पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार 02 अपराधियों को जब रत्ना फिलिंग स्टेशन के पास जांच के लिए रोका गया तो वे नहीं रुके और इसके बजाय चेकर्ड शर्ट एवं काली पैंट पहने हुए पीछे सवार अपराधी ने गोलियां चला दीं और अपराधी कांशीराम प्रोजेक्ट की तरफ भाग गए, जिसे सुनते ही वे तुरंत हरकत में आए और एस.ओ तथा एस.ओ.जी टीम के साथ विचार-विमर्श किया और खुद के नेतृत्व में रणनीतिक रूप से हमला टीम तथा बाहरी घेराबंदी टीम का गठन किया और श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक/पुलिस सर्किल ऑफिसर-सिटी-I, जो स्वाट टीम से प्राप्त सूचना पर वहाँ पहुंचे, वे भी पुलिस अधीक्षक सिटी के नेतृत्व में हमला टीम में शामिल हो गए तथा गहन जांच शुरू कर दी और अपराधियों को घेरने के लिए बुनकर मार्ट क्रॉसिंग के पास सतर्कता से उनके आने की प्रतीक्षा करने लगे।

लगभग 03:50 बजे सीएनजी पंप की तरफ से मोटरसाइकिल सवार 02 व्यक्ति तेजी से आते हुए देखे गए और मुस्तैद श्री निपुण अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सिटी तथा श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक उन्हें रोकने के लिए सतर्कता और निडरता से आगे बढ़े और टॉर्च की रोशनी दिखाकर उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन सामने पुलिस की अप्रत्याशित मौजूदगी देखकर, अचंभित अपराधियों ने झुंझलाहट में तेजी से यू-टर्न लेने की कोशिश की। हालाँकि, बुनकर मार्ट क्रॉसिंग के पास मोटरसाइकिल फिसल गई, फिर भी चालाक अपराधी उसे छोड़कर उठ खड़े हुए और जैसे ही पीछा कर रही स्वाट टीम उनके करीब पहुंची, हैरान अपराधियों ने जान से मारने के इरादे से पुलिस की ओर अचानक और दुस्साहसपूर्वक लगातार ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी, लेकिन सौभाग्य से पुलिस बच निकली।

अपराधियों द्वारा लगातार गोलीबारी से बचते हुए पुलिस टीमों ने रणनीतिक रूप से पोजीशन ली और पुलिस अधीक्षक सिटी के निदेशन में, बाहरी घेराबंदी टीम ने नाकाबंदी करना शुरू कर दिया। अपराधियों को जिंदा गिरफ्तार करने के लिए इंसास राइफल से एक गोली चलाई गई। साथ ही हमला टीम रणनीतिक तरीके से आगे बढ़ी और ऊंची आवाज मे अपराधियों को गोलीबारी बंद करने तथा आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन चालाक अपराधी पीछे हट गए तथा उन्होंने भागने की कोशिश की और उन्होंने अपनी गोलीबारी तेज कर दी, जिसमें श्री निपुण अग्रवाल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक और श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक को आगे से तथा स्वाट टीम के सिपाही, नीरज कुमार पाल को गोली लगी और वे घायल हो गए।

श्री निपुण अग्रवाल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक और श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक ने इस संकटकालीन स्थिति में जहां बर्बर अपराधियों की लगातार गोलीबारी के दौरान उन्हें गोली लगी तथा सिपाही नीरज कुमार पाल को भी गोली लगी और वे घायल हो गए, उनकी गोलीबारी को रोकने और उन्हें जीवित गिरफ्तार करने पर अड़िग रहे। वे अपनी जान और अंगों की परवाह किए बिना पुलिसिंग-कौशल के साथ चतुराई से श्री मुन्नेश सिंह, उप-निरीक्षक के साथ अपनी गोलीबारी की रेंज में साहसपूर्वक आगे बढ़े। उन्होंने निडरता से हमले का नेतृत्व किया, आत्मरक्षा में गोलीबारी की और अदम्य साहस और रणनीतिक रूप से उनके जवाबी हमले में 04:20 बजे एक अपराधी घायल होकर नीचे गिर गया। हमला टीम ने तुरंत उसे बलपूर्वक पकड़ लिया, जिसकी बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई और उसकी पहचान कुख्यात अनिल दुजाना गिरोह के खूंखार हथियारबंद फरार बदमाश राकेश, पुत्र जयपाल के रूप में हुई, जिस पर 50,000/- रुपये का इनाम था और उसके कब्जे से अवैध अत्याधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री निपुण अग्रवाल, भापुसे, पुलिस अधीक्षक, स्वतंत्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, मुन्नेश सिंह, उप-निरीक्षक और नीरज कुमार पाल, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.05.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/172/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी

अवर सचिव

सं. 31--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अशोक कुमार मीणा, भापुसे	सहायक पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	कुलदीप कुमार	पुलिस उपाधीक्षक	वीरता पदक
3.	गीतेश कपिल	निरीक्षक	वीरता पदक
4.	प्रवीण अहलावत	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 07.01.2019 की सुबह पुलिस स्टेशन कोतवाली, बरेली, उत्तर प्रदेश के घनी आबादी वाले इलाके में गोलीबारी के साथ 15,00,000/- रुपये की डकैती की सनसनीखेज घटना ने बरेली शहर को चौंका दिया और स्थानीय निवासियों को भयभीत कर दिया। डकैती की सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक कुलदीप कुमार और निरीक्षक गीतेश कपिल, सहायक पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, भापुसे सहित तुरंत हरकत में आए और पुलिस बल के साथ इलाके में निगरानी, गश्त तथा गहन वाहन जांच शुरू कर दी। डकैती की वारदात को सुलझाने के लिए दृढ़ संकल्पित पुलिस उपाधीक्षक कुलदीप कुमार और निरीक्षक गीतेश कपिल द्वारा सिपाही प्रवीण अहलावत व अन्य कार्मिकों के साथ मिलकर डेल्हापीर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच के दौरान श्यामगंज पुल की तरफ से दो मोटरसाइकिलों पर सवार कुछ व्यक्ति तेजी से आते दिखाई दिए, जिस पर पुलिस उपाधीक्षक कुलदीप कुमार और निरीक्षक गीतेश कपिल मोटरसाइकिल सवारों को रोकने के लिए साहस के साथ आगे बढ़े। शातिर मोटरसाइकिल सवार तेजी से विलय धाम फ्लाईओवर की तरफ गाड़ी चलाकर भागे, लेकिन सतर्क पुलिस उपाधीक्षक कुलदीप कुमार और निरीक्षक गीतेश कपिल ने पुलिस दल के साथ पुलिस नियंत्रण कक्ष को सूचित करते हुए तुरंत उनका पीछा किया और पीछा करने के दौरान श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक/सर्किल ऑफिसर, सिटी-III, उनके साथ का पुलिस दल और सड़क पर तैनात पीआरवी भी उनके साथ मिल गए और उन्होंने नजदीकी से मोटरसाइकिल-सवारों/अपराधियों का पीछा किया।

चालाक मोटरसाइकिल सवार/अपराधी तेजी से वाहन चलाते हुए पुलिस चौकी अहलादपुर, पुलिस स्टेशन इज्जतनगर को पार करते हुए अचानक कच्ची सड़क पर मुड़ गए और जबकि, पुलिस उपाधीक्षक श्री कुलदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उनका नजदीकी से पीछा किया तथा श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी के साथ, विवेकपूर्ण तरीके से तेजी से आगे बढ़कर उन्हें सामने से रोक लिया और जैसे ही तेज गति से मोटरसाइकिल सवार/अपराधी चक रोड से राजमार्ग पर आने के लिए बढ़े, तो पुलिस को करीब से उनका पीछा करते हुए और सामने भी देखकर, भ्रमित तथा उत्तेजित अपराधी, गन्ने के खेत के पास मोटरसाइकिल छोड़कर खेत में घुस गए और उन्होंने जान से मारने की मंशा से पुलिस पर लगातार गोलीबारी शुरू कर दी।

श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक और श्री कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक खुद एवं उनकी कमान के तहत पुलिस दल सतर्कतापूर्वक अपराधियों द्वारा की जा रही गोलीबारी के सामने उतरे और उन्हें ऊंची आवाज में गोलीबारी बंद करने तथा आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन वे दु:साहस से लगातार भीषण गोलीबारी करते रहे, इसके बावजूद श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक और श्री कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक अपराधियों द्वारा की जा रही खतरनाक गोलीबारी से विचलित हुए बिना, पुलिस दल का नेतृत्व करते हुए और उन्हें प्रेरित करते हुए निरीक्षक गीतेश कपिल के साथ निडरता से आगे बढ़े, लेकिन बदमाश एवं क्रूर अपराधियों द्वारा की गई भीषण गोलीबारी की गोलियां सामने से श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक और श्री कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक को लगीं, लेकिन वे घायल नहीं हुए, जबकि श्री गीतेश कपिल, निरीक्षक और सिपाही प्रवीण अहलावत घायल हो गए।

'करो या मरो' की इस संकटपूर्ण स्थिति के दौरान, खूंखार डकैत/अपराधियों द्वारा की गई भीषण गोलीबारी में श्री अशोक कुमार मीणा, सहायक पुलिस अधीक्षक और श्री कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक के सीने पर गोली लगने तथा श्री गीतेश कपिल, निरीक्षक और सिपाही प्रवीण अहलावत के घायल होने के बावजूद, उन्होंने स्वयं क्रूर डकैत/अपराधियों को जिंदा गिरफ्तार करने का दृढ़ निश्चय किया तथा वे अपनी गोलीबारी की रेंज में फील्ड-क्राफ्ट रणनीति के साथ साहसपूर्वक आगे बढ़े तथा उन्होंने अदम्य वीरता, साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया तथा अपने जीवन और अंगों की सुरक्षा की परवाह किए बिना अदम्य साहस के साथ मुकाबला किया, आत्मरक्षा में नियंत्रित गोलीबारी की, जिससे दो अपराधी, जिनकी पहचान खूंखार गैंगस्टर डकैत, सशस्त्र अपराधी कपिल और अशोक के रूप में हुई,14:30 बजे घायल होकर गिर पड़े, जिन्हें बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उनके पास से अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोला-बारूद तथा हाल ही में लूटे गए 15,00,000/- रुपये बरामद किए गए।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री अशोक कुमार मीणा, भापुसे, सहायक पुलिस अधीक्षक, कुलदीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, गीतेश कपिल, निरीक्षक और प्रवीण अहलावत, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 07.01.2019 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/173/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 32--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अमित	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अंगद सिंह यादव	उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

वाराणसी निवासी दीपक वर्मा माफिया मुन्ना बजरंगी गिरोह का खूंखार अपराधी और शार्प शूटर था, जिसका लूट, हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली जैसे दो दर्जन से अधिक जघन्य अपराधों का लंबा आपराधिक इतिहास है। मुन्ना बजरंगी की हत्या के बाद दीपक ने गिरोह की कमान संभाली, अपना गिरोह बनाया और कई सनसनीखेज अपराध किए। उसने पूर्वी उत्तर प्रदेश के प्रमुख व्यापारियों में दहशत और आतंक फैलाया। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन ने उसकी गिरफ्तारी पर 1,00,000/- रुपये का इनाम घोषित किया था।

आसूचना पर कार्रवाई करते हुए, बरियासनपुर अंडरपास, पुलिस स्टेशन चौबेपुर के पास निरीक्षक अमित के नेतृत्व में एसटीएफ टीम को दिनांक 13.09.2021 को सूचना प्राप्त हुई कि दो हथियारबंद अपराधी बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी सनसनीखेज घटना को अंजाम देने के लिए गांव संदहा से शंकरपुर की ओर जाने वाले हैं। सूचना पर विश्वास करते हुए निरीक्षक अमित ने अपनी टीम के सदस्यों के साथ चेकिंग शुरू कर दी। लगभग 13:35 बजे सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आते दिखाई दिए, जिनके बारे में पुष्टि हुई कि वे वही अपराधी हैं। उक्त मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन अपराधियों ने अपनी मोटरसाइकिल मोड़ ली और निर्माणाधीन अंडरपास के अंदर से विपरीत सर्विस लेन से चंदौली की ओर भागने का प्रयास किया। निरीक्षक अमित ने अपनी टीम के साथ भाग रहे अपराधियों का पीछा किया। जैसे ही अपराधी अंडरपास से चंदौली की ओर लगभग 400 मीटर दूर पहुंचे, बारिश के कारण अपराधियों की मोटरसाइकिल फिसल गई और लड़खड़ाने लगी। चालक मोटरसाइकिल छोड़कर खेतों की नालियों, झाड़ियों और छोटे पेड़ों की आड़ में भाग गया, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। तब तक निरीक्षक अमित और उनकी टीम भी वहां पहुंच गई तथा उन्होंने अनुकरणीय साहस एवं बहादुरी का परिचय देते हुए वाहन से उतरकर अपराधी को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। कर्तव्यपरायणता और अपराधी को जिंदा गिरफ्तार करने के इरादे से निरीक्षक अमित आगे बढ़े। अपराधी बाएं, दाएं और सामने से अंधाधुंध गोलीबारी करता रहा। अपराधी ने पुलिस द्वारा बार-बार दी गई की चेतावनियों पर कोई ध्यान नहीं दिया और अपनी स्थिति और दिशा बदलकर, झुककर तथा मुड़ कर गोलीबारी करता रहा। अपराधी को गिरफ्तार करने का कोई विकल्प न देखकर निरीक्षक अमित और उप-निरीक्षक अंगद सिंह यादव अनुकरणीय साहस, बहादुरी का परिचय देते हुए और अपनी जान को खतरे में डालते हुए अपराधी की गोलीबारी के सामने आए और आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां निरीक्षक अमित और उप-निरीक्षक अंगद सिंह यादव के शरीर के बगल से निकल गईं लेकिन उन्होंने अपनी जान की परवाह नहीं की और अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे अपराधियों का मुकाबला किया। आमने-सामने की इस मुठभेड़ में जवाबी गोलीबारी के परिणामस्वरूप अपराधी एक तरफ लुढ़क कर गिर गया। जब दुश्मन की ओर से गोलीबारी बंद हो गई, तो एसटीएफ टीम ने अपराधी के पास जाकर देखा कि वह घायल अवस्था में पड़ा है। उसके बगल में एक 9 एमएम की पिस्तौल पड़ी थी और .38 बोर की एक रिवाल्वर उसकी कमर में खोंसी हुई थी तथा उसके शरीर से खून बह रहा था।

मृतक की पहचान दीपक वर्मा के रूप में हुई है, जो एक खूंखार अपराधी था और उस पर 1 लाख रुपये का इनाम था। उसके पास से मैगजीन तथा 06 खाली कारतूस और 02 जिंदा कारतूस सहित 9 एमएम की एक फैक्ट्री मेड पिस्तौल, 04 जिंदा कारतूस सहित .38 बोर की एक रिवॉल्वर और टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के सर्व/श्री अमित, निरीक्षक और अंगद सिंह यादव, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.09.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/174/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 33--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे	अपर पुलिस अधीक्षक	वीरता पदक
2.	अब्दुर रहमान सिद्दीकी	निरीक्षक	वीरता पदक
3.	सन्दीप कुमार	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

गौतमबुद्ध नगर का अवनीश उर्फ बिल्लू दुजाना एक कुख्यात अंतरराज्यीय अपराधी था। उसके खिलाफ उत्तर प्रदेश और दिल्ली में हत्या, लूट, जबरन वसूली आदि के दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे। वह एनसीआर के सबसे खूंखार और क्रूर बदमाशों में से एक था और उसने स्थानीय उद्योगपतियों और व्यापारियों में दहशत फैला रखी थी। दिनांक 20.04.2022 को उसने गाजियाबाद (कविनगर पुलिस स्टेशन) में एक दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था, जिसके बाद अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 1,00,000/- रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था।

इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे और स्वाट टीम द्वारा उसे पकड़ने के लिए आसूचना जुटाई जा रही थी। दिनांक 28.05.2022 को एक कार्रवाई योग्य सूचना प्राप्त हुई कि बिल्लू हथियारों से लैस होकर एक साथी के साथ पुश्ता रोड की ओर जाता हुआ देखा गया है। परिणामस्वरूप, डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम के साथ इलाके में जांच शुरू कर दी। कुछ समय बाद, सुबह 4:05 बजे, बताई गई पहचान से मिलते-जुलते दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 से कनावनी की ओर आते हुए दिखाई दिए। भागते व्यक्तियों को रोकने के लिए सीओ और एसएचओ इंदिरापुरम को सूचित करते हुए, डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक ने टीम के साथ उनका पीछा किया। हिंडन बैराज पुल के पास अपराधियों ने खुद को सीओ/एसएचओ इंदिरापुरम तथा डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक/स्वाट टीम द्वारा दोनों तरफ से घिरा हुआ पाया और वे कच्चे-पक्के रास्ते पर भागने लगे, परंतु सड़क पर पड़े तारों में उलझकर वे गिर गए। पीछे बैठा बाइक सवार अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गया, जबकि मोटरसाइकिल चालक ने भागने की कोशिश में पुलिस कार्मिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। अपराधी द्वारा अचानक की गई गोलीबारी को देखते हुए टीम ने अपनी बुलेट प्रूफ (बीपी) जैकेट पहन ली और डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक ने तीन दलों का गठन किया, जिसमें उनके नेतृत्व में पहला हमला दल था, जबकि अन्य दो कवरिंग घेरबंदी टीम के रूप में कार्य कर रहे थे। डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक ने बार-बार चेतावनी दी तथा अपराधी को आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन उसने सभी चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और अंधाधुंध गोलीबारी जारी रखी। टीम ने पास के पेड़ों की आड़ ली, असाधारण साहस, निडरता दिखाई और अपनी जान जोखिम में डाल दी। डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक अब्दुर रहमान सिद्दीकी और सिपाही सन्दीप कुमार टीम के साथ आगे बढ़े और अपनी ओर आती गोलियों की बौछार के बीच अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए गोलीबारी की रेंज में आ गए। इस दौरान, अपराधी द्वारा चलाई गई गोलियां निरीक्षक अब्दुर रहमान सिद्दीकी को (बाएं हाथ) और सिपाही सन्दीप कुमार को (बाएं पैर) में लगीं। डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक को भी गोलियां लगीं, लेकिन वे बुलेट प्रूफ (बीपी) जैकेट की वजह से बच गईं। घायल होने के बावजूद टीम खतरे का सामना करते हुए आगे बढ़ी। अपराधी को काबू करने के लिए कोई विकल्प न देखते हुए, डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक अब्दुर रहमान सिद्दीकी और सिपाही सन्दीप कुमार ने अदम्य साहस दिखाया और रणनीति के साथ अपराधी की गोलीबारी रेंज में घुस गए और नियंत्रित तरीके से जवाबी गोलीबारी की, जिससे अपराधी घायल होकर गिर गया। उसके निकट जाने पर उसकी पहचान बिल्लू दुजाना के रूप में हुई तथा उसे अस्पताल भेजा गया ताकि उसे बचाया जा सके, जहां उसकी मौत हो गई। यह मुठभेड़ सुबह 04:05 बजे से 04:36 बजे तक चली।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस की डा0 दीक्षा शर्मा, भापुसे, अपर पुलिस अधीक्षक, सर्व/श्री अब्दुर रहमान सिद्दीकी, निरीक्षक और सन्दीप कुमार, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.05.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/175/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 34--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री रिपुदमन सिंह	निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 09.02.2021 को पुलिस स्टेशन सिधपुरा के उप-निरीक्षक अशोक कुमार और सिपाही देवेन्द्र सिंह, अपराधी मोती, निवासी नगला धीमर पुलिस स्टेशन सिधपुरा, जिला कासगंज को गिरफ्तार करने गए थे। मोती ने अपने साथियों के साथ पुलिस दल पर लाठी-डण्डों, भालों व घातक हथियारों से हमला कर दिया। अपराधियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी भी की, जिससे उप-निरीक्षक अशोक कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये, जबकि सिपाही देवेन्द्र की मृत्यु हो गई।

अपराधियों ने उप-निरीक्षक अशोक कुमार की सर्विस पिस्तौल छीन ली। यह घटना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी। खूंखार/वांछित अपराधी मोती की गिरफ्तारी पर अपर पुलिस अधीक्षक, आगरा जोन द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

इस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें अपराधियों के खिलाफ आसूचना जुटा रही थीं। आसूचना जुटाने से पता चला कि मोती काली नदी की कटरी में छिपा हुआ है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी रिपुदमन सिंह बल के साथ दिनांक 21.02.2021 को लगभग 01:10 बजे पुलिस स्टेशन सिधपुरा से रवाना हुए और करतला रोड पर गांव हमीरपुर से आगे धुंधरा तिराहे के पास पहुंचे तथा एसओ सिधपुरा प्रेम पाल सिंह भी बल के साथ अपराधी मोती की तलाश में वहा पहुंच गए। इसके बाद, सूचना मिली कि मोती काली नदी की कटरी के वन में मौजूद है। सूचना पर भरोसा करते हुए निरीक्षक रिपुदमन सिंह व अन्य कार्मिक हरकत में आए और सूचना में बताए गए स्थान के लिए निकलने ही वाले थे कि एसओजी टीम के साथ उप-निरीक्षक मुकेश भी वहां पहुंच गए। सूचना के आदान-प्रदान व रणनीति बनाने के बाद समस्त पुलिस बल करतला रोड स्थित राम मनोहर स्मृति द्वार के निकट मंदिर के पास पहुंच गया। निरीक्षक रिपुदमन सिंह, एसओ सिधपुरा प्रेम पाल सिंह व उप-निरीक्षक मुकेश के नेतृत्व में तीन टीमें गठित की गईं, जो पैदल ही काली नदी की ओर बढ़ीं। मुखबिर ने बताया कि मोती अपने साथियों के साथ ईख के पेड़ों में छिपा है। दूसरी टीम को सड़क के बाईं ओर यूकेलिप्टस के पेड़ों की ओर भेजा गया, जबकि तीसरी टीम को सड़क के बाईं ओर सीधे कच्चे रास्ते पर भेजा गया।

निरीक्षक रिपुदमन सिंह के नेतृत्व में पहली टीम सड़क के बाईं ओर उतरी और आगे बढ़ी। रात करीब 2:30 बजे जब टीम कीकर के पेड़ों से 35-40 कदम पहले थी, तभी दो व्यक्ति झाड़ियों से निकलकर आए, उनमें से एक ने चिल्लाते हुए कहा कि यह पुलिस है, इन्हें मार दो और उन्होंने इधर-उधर घूमकर, झुककर तथा मुड़-मुड़कर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। निरीक्षक रिपुदमन सिंह और उनकी टीम ने टीले की आड़ लेकर अपनी जान बचाई। निरीक्षक रिपुदमन सिंह ने असाधारण साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपराधियों को आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन सारी चेतावनियाँ बेकार गईं और अपराधी रुक-रुक कर गोलीबारी करते रहे। जैसे ही निरीक्षक रिपुदमन सिंह अपनी जान जोखिम में डालकर कवर से बाहर निकले और अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया तो अपराधियों ने पुलिस पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे निरीक्षक रिपुदमन सिंह फील्ड क्राफ्ट और रणनीति का उपयोग करके बाल-बाल बचे। इसके बाद भी निरीक्षक रिपुदमन सिंह ने बहादुरी के साथ अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी का मुकाबला करना जारी रखा। अपराधियों पर काबू पाने के लिए कोई विकल्प न पाकर निरीक्षक रिपुदमन सिंह ने असाधारण साहस और बहादुरी का परिचय देते हुए आत्मरक्षा में नियंत्रित तरीके से गोलीबारी की। जवाबी गोलीबारी के परिणामस्वरूप एक चीख सुनाई दी। पास जाकर देखा तो एक अपराधी घास पर घायल अवस्था में पड़ा हुआ था और वह कराह रहा था। घायल अपराधी की पहचान पुलिस पर हमले की घटना के मुख्य अपराधी, 1,00,000/- रुपये के इनामी मोती के रूप में हुई। घायल अपराधी को अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। घटनास्थल से उप-निरीक्षक अशोक कुमार से लूटी गई 9 एमएम की सर्विस पिस्टल बरामद की गई।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश पुलिस के श्री रिपुदमन सिंह, निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 21.02.2021 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/176/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 35--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, असम राइफल्स के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री नीलम सिंह	लांस नायक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

लांस नायक नीलम सिंह ने जटिल परिस्थितियों को पूरी परिपक्वता के साथ संभालते हुए अद्वितीय पेशेवरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के साथ सेवा दी है।

एनएससीएन कैडरों से संबंधित विशिष्ट सूचना के आधार पर, दिनांक 08 सितंबर, 2023 से वर्चस्व गश्त की श्रृंखला शुरू की गई थी। दिनांक 13 सितंबर 2023 को, लगभग 22:30 बजे, त्वरित कारवाई बल के सदस्य लांस नायक नीलम सिंह ने मियाओ घाट से धरमपुर की ओर बढ़ते समय काली मंदिर के पास दो संदिग्ध व्यक्तियों को चेतावनी दी, जिन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और एक गोली जिप्सी के अतिरिक्त पहिये में जा लगी। अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए तथा अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, लांस नायक ने चलती गाड़ी से छलांग लगाई और उस कैडर पर हमला किया, जो कि अभी भी गोलीबारी कर रहा था और उन्होंने जवाबी गोलीबारी की, जिसमें एक व्यक्ति को गोली लग गई, जिसकी बाद में मौत हो गई और उसकी पहचान एनएससीएन (के-निक्की) के स्वयंभू लेफ्टिनेंट थोंगत्सी उर्फ जेम्स के रूप में की गई, जो जबरन वसूली से जुड़ी गतिविधियों में लिप्त था। लांस नायक के इस कृत्य ने भारतीय सुरक्षा बलों पर स्थानीय लोगों के विश्वास को मजबूत किया।

इस ऑपरेशन में, असम राइफल्स के श्री नीलम सिंह, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.09.2023 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/169/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 36--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री भागीरथ सिंह राठौड़	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 26 अक्टूबर, 2023 को, सीमा चौकी (बीओपी) विक्रम, 120वीं बटालियन बीएसएफ, जिला-जम्मू (जेएंडके) पर तैनात, सिपाही भागीरथ सिंह राठौड़ को भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की फॉरवर्ड डिफेंडेड पोस्ट (एफडीपी) संख्या 06/24 पर नाका ड्यूटी करने के लिए तैनात किया गया। सिपाही (जीडी) भागीरथ सिंह राठौड़ अपने निजी हथियार और गोला-बारूद के साथ एफडीपी संख्या 06/24 पर नाका ड्यूटी के लिए लगभग 19:30 बजे बीओपी विक्रम से निकले। जब वे एफडीपी संख्या 06/62 और 06/63 के बीच रास्ते में थे, तो अचानक पाकिस्तान की ओर से फ्लैट ट्रैजेक्टरी हथियारों के साथ-साथ 82 मिमी मोर्टार से भारी गोलीबारी हुई।

इस विकट परिस्थिति को भांपते हुए, सिपाही भागीरथ सिंह राठौड़ ने तुरंत ही पास के एक खेत के छोटे से टीले के पीछे लगभग डेढ़ घंटे तक अपनी पोजीशन लिए रखी। उन्हें 120वीं बटालियन बीएसएफ के उप कमांडेंट श्री केशव पांडे के नेतृत्व में बीओपी विक्रम की त्वरित कार्रवाई टीम (क्यूआरटी) द्वारा बाहर निकाला गया और उन्हें बीओपी विक्रम पर वापस लौटने का निर्देश दिया गया, लेकिन उन्होंने अपने साथी सैनिकों की सहायता करने की इच्छा व्यक्त की तथा बीओपी विक्रम के बजाय एफडीपी संख्या 06/64 पर उतारने का अनुरोध किया। तदनुसार, उनके अनुरोध पर उन्हें एफडीपी संख्या 06/64 पर उतारा गया और पाकिस्तानी रेंजर्स की पोस्ट से भारी गोलीबारी के बावजूद, वे अडिग रहे और अपने बीओपी पर वापस नहीं लौटे।

एफडीपी 06/64 पर पहुंचने के बाद, सिपाही भागीरथ सिंह राठौड़ ने 7.62 मिमी एलएमजी से पाकिस्तान की ओर गोलीबारी शुरू कर दी। तकनीकी खराबी के कारण उक्त एलएमजी की गोलीबारी बंद हो गई। एफडीपी संख्या 06/64 से लगभग 500 मीटर दूर स्थित पाकिस्तान रेंजर्स पोस्ट इकबाल शहीद को मजबूर करने/उस पर हावी होने के लिए, सिपाही भगीरथ सिंह राठौड़ भारी गोलीबारी के बीच अपनी जान की परवाह किए बिना 51 एमएम मोर्टार के साथ एफडीपी से बाहर खुले में आए और लगभग 08-12 मिनट तक पाकिस्तान रेंजर्स पोस्ट इकबाल

शहीद को निशाना बनाकर 05 हाई एक्सप्लोसिव (एचई) बम दागे। सिपाही भागीरथ सिंह राठौड़ की वीरतापूर्ण कार्रवाई और सटीक गोलीबारी के कारण दुश्मन को गोलीबारी रोकने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने जान-माल की हानि होने से बचाई।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के श्री भागीरथ सिंह राठौड़, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.10.2023 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/161/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 37--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री गिरजेश कुमार उद्दे	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 19 अगस्त 2022 को, स्व. गिरजेश कुमार उद्दे को भारत-बांग्लादेश सीमा पर 145वीं बटालियन बीएसएफ, त्रिपुरा की संवेदनशील सीमा चौकी (बीओपी) सिमना-II पर तैनात किया गया। सिमना इलाके के सटे हुए क्षेत्र में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों के बारे में आसूचना रिपोर्टें प्राप्त हुईं।

हेड कांस्टेबल, गिरजेश कुमार उद्दे के नेतृत्व में एक क्षेत्र वर्चस्व गश्ती दल, स्काउट के रूप में 08:10 बजे, बीओपी सिमना-II से निकला। ऑपरेशनल दल खतरनाक और जंगली इलाके में भारत-बांग्लादेश सीमा बाड़ (आईबीबीएफ) के साथ जीर्ण-शीर्ण ट्रैक पर चतुराई से आगे बढ़ा।

लगभग 08:50 बजे, चलते समय, हेड कांस्टेबल, गिरजेश कुमार उद्दे की सामरिक सूझबूझ को आईबीबीएफ के बांग्लादेश की तरफ एनएलएफटी के उग्रवादियों द्वारा घात लगाए जाने का आभास हुआ। कर्तव्य का निर्वाहन करते हुए, उन्होंने तुरंत फील्ड सिग्नल के माध्यम से पीछे के सैनिकों को सतर्क कर दिया। इसके अलावा, साथी सैनिकों की जान बचाने के लिए उन्होंने उग्रवादियों पर गोलीबारी करने का अवसर बनाने के लिए वे आईबीबीएफ की तरफ बढ़े।

पहले जवाबी हमलावर के रूप में, उन्होंने अपनी सामरिक कुशलता का सर्वोत्तम उपयोग किया और वे जमीन पर रेंगकर आईबीबीएफ की ओर बढ़े लेकिन इससे पहले कि वे अपनी राइफल से गोली चला पाते, वे उग्रवादियों की भारी गोलीबारी की चपेट में आ गए। गोलियों ने न केवल उनके हथियार को क्षतिग्रस्त कर बेकार कर दिया, बल्कि उनके दाहिने हाथ की बगल (आर्मपिट) और जांघ को भी भेद दिया। लेकिन गिरने से पहले भी उन्होंने अपने हथियार को उग्रवादियों की ओर मोड़ दिया और मौत के सामने भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया।

स्व. हेड कांस्टेबल, गिरजेश कुमार उद्दे ने विपरीत परिस्थितियों में कर्तव्य के निर्वहन में असाधारण बहादुरी और युद्ध के साहस का परिचय देते हुए न केवल अपने साथियों की जान बचाई, बल्कि आतंकवादियों के विरुद्ध असाधारण प्रतिशोध भी दिखाया, जिससे आतंकवादियों का दुस्साहस विफल हो गया, लेकिन दुर्भाग्यवश, उनके शरीर पर गोलियों की चोटें आईं और उन्होंने चोटों से दम तोड़ दिया।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के स्व. श्री गिरजेश कुमार उद्दे, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 19.08.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/162/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 38--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	जीतू देउरी	निरीक्षक	वीरता पदक
2.	रतन कुमार योगी	सिपाही	वीरता पदक
3.	अवधेश कुमार यादव	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

61वीं बटालियन बीएसएफ के निरीक्षक जीतू देउरी भारतीय संगठित पुलिस यूनिट-II (आईएनडीएफपीयू-2) के 15वें रोटेशन में शामिल थे, जो कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन शांति मिशन (एमओएनयूएससीओ) के भाग के रूप में कॉय ऑपरेटेड बेस (सीओबी) बुटेम्बो में तैनात थे। उनकी प्लाटून आईएनडीएफपीयू -2 की टुकड़ी का हिस्सा थी, जिसे संयुक्त राष्ट्र प्रतिष्ठानों और कार्मिकों की सुरक्षा संभालने के लिए बुटेम्बो भेजा गया था।

दिनांक 26 जुलाई, 2022 को 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों की भीड़ ने सीओबी बुटेम्बो को घेर लिया। पुलिस नेशनल कांगोलेस के हटने के बाद कुछ ही समय में भीड़ हिंसक हो गई। आक्रामक भीड़ ने सीओबी बुटेम्बो पर पत्थरों और मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) से हमला किया। उन्होंने परिधि की दीवार को तोड़ दिया और सीओबी के अंदर टेंटों में आग लगा दी। आईएनडीएफपीयू सदस्यों की जान पर मंडराते खतरे को देखते हुए, निरीक्षक जीतू देउरी ने परिसर में घुसे विद्रोहियों की ओर से छोटे हथियारों की गोलीबारी के बीच एक सुरक्षा स्थान से दूसरे स्थान पर जाकर अपने सैनिकों को संगठित किया। अधिकारियों ने तुरंत 38 निहत्थे संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों को निकालने का फैसला किया, जिन्होंने सीओबी के अंदर शरण ली हुई थी, ताकि उन्हें आगे हवाई मार्ग से बेनी ले जाने के लिए बुटेम्बो हवाई अड्डे पर ले जाया जा सके। दल के कमांडर द्वारा यह कार्य निरीक्षक जीतू देउरी को सौंपा गया। तत्काल कार्रवाई करते हुए, निरीक्षक जीतू देउरी ने संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों को निकालने के लिए तीन बख्तरबंद वाहनों में दो भागों वाले एक त्वरित कार्रवाई दल(क्यूआरटी) का गठन किया।

सीओबी से निकलते ही निकासी दल को भारी गोलीबारी का सामना करना पड़ा। उन्हें कई सड़क अवरोधों का सामना करना पड़ा और निकासी स्थान तक 08 किलोमीटर की पूरी यात्रा के दौरान लगातार छोटे हथियारों तथा मोलोटोव कॉकटेल के हमले का सामना करना पड़ा।

इतनी भारी मुश्किलों और जान को गंभीर खतरे के बावजूद, निरीक्षक जीतू देउरी ने अपनी क्यूआरटी का नेतृत्व करते हुए रास्ते में सभी बाधाओं और गोलीबारी का सामना करते हुए तीक्ष्ण सामरिक कौशल और साहस का परिचय दिया। उनके साहस और धैर्य के उच्चतम स्तर ने उनकी टीम के सदस्यों के लिए एक मिसाल कायम की, जिसके परिणामस्वरूप सैनिकों और बचाए जाने वाले कार्मिकों में से किसी के हताहत हुए बिना 38 निहत्थे संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सिपाही रतन कुमार योगी, 75वीं बटालियन बीएसएफ को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन शांति मिशन (एमओएनयूएससीओ) के लिए भारतीय संगठित पुलिस यूनिट के 15वें रोटेशन के भाग के रूप में सीओबी बुटेम्बो में तैनात किया गया था। दिनांक 26 जुलाई, 2022 को, सीओबी बुटेम्बो पर 500 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों ने भारी हमला किया। प्रदर्शनकारियों ने सीओबी पर पत्थरबाजी की, मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) फेंके और छोटे हथियारों से हमला किया। सिपाही रतन कुमार योगी ने भारी मुश्किलों के बावजूद अनुकरणीय साहस और बहादुरी का परिचय दिया और सीओबी के पूर्वी कोने की रक्षा करने के अपने निर्धारित कार्य को दृढ़ता से करते रहे। उन्होंने न केवल सच्चे साहस का परिचय दिया, बल्कि प्रदर्शनकारियों और सशस्त्र विद्रोहियों की आक्रामक कार्रवाई का मुकाबला करने में तीक्ष्ण सामरिक कौशल का भी परिचय दिया। वे क्यूआरटी का भी हिस्सा थे, जिसने लगातार हमलों के बावजूद संयुक्त राष्ट्र के 38 कार्मिकों को बुटेम्बो हवाई अड्डे पर पहुंचाने के लिए कई यात्राएं की थीं। भारी बाधाओं के बावजूद उनकी दृढ़ कार्रवाई ने सीओबी की रक्षा करने और निहत्थे संयुक्त राष्ट्र कार्मिकों की जान बचाने में प्रमुख योगदान दिया।

123वीं बटालियन बीएसएफ के सिपाही अवधेश कुमार यादव को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र संगठन शांति मिशन (एमओएनयूएससीओ) के लिए भारतीय संगठित पुलिस यूनिट के भाग के रूप में चुना गया था। आईएनडीएफपीयू-2 को 04 मई 2022 से कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में तैनात किया गया था।

दिनांक 26 जुलाई 2022 को, 500 से अधिक हिंसक प्रदर्शनकारियों ने तीन अलग-अलग दिशाओं से एक साथ कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के सीओबी बुटेम्बो पर हमला किया। सशस्त्र विद्रोहियों द्वारा पत्थरबाजी, मोलोटोव कॉकटेल (पेट्रोल बम) और स्वचालित हथियारों से गोलीबारी के माध्यम से भारी हमले के बावजूद, 123वीं बटालियन बीएसएफ के सिपाही अवधेश कुमार यादव ने विद्रोहियों का मुकाबला करना

जारी रखा, गोलीबारी की और प्रदर्शनकारियों/विद्रोहियों को परिधि की दीवार के टूटे हुए हिस्से से भीतर घुसने से रोका। सिपाही अवधेश कुमार यादव ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना अनुकरणीय साहस, कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिचय दिया और संयुक्त राष्ट्र के कार्मिकों की जान बचाई तथा आगे उन्हें बुटेम्बो हवाई अड्डे तक पहुँचाने में भी मदद की। उनके पेशेवर आचरण तथा अत्यधिक दबाव में सही रणनीतिक निर्णयों के परिणामस्वरूप हिंसक आंदोलनकारियों और सशस्त्र विद्रोहियों द्वारा सीओबी को नष्ट किए जाने से बचाया जा सका।

इस ऑपरेशन में, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सर्व/श्री जीतू देउरी, निरीक्षक, रतन कुमार योगी, सिपाही और अवधेश कुमार यादव, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 26.07.2022 से दिया जाएगा।

(फाइल संख्या-11020/163/2024 - पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 39--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं: —

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	विनय कुमार	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक का प्रथम बार
2.	गोबिन्दा बारो	सिपाही	वीरता पदक
3.	खुशी राम चौधरी	सिपाही	वीरता पदक
4.	खंडारे रौशन रामदास	सिपाही	वीरता पदक
5.	विरेन्द्र सिंह राजपूत	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 दिसम्बर, 2021 को लगभग 22:30 बजे, पुलिस स्टेशन पंथा चौक, श्रीनगर के अंतर्गत गमांदर मोहल्ले में भारी मात्रा में सशस्त्र आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक आसूचना प्राप्त हुई। तदनुसार, श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट और श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट की समग्र कमान में वैली क्यूएटी, सीआरपीएफ की 02 एचआईटी (हाउस इंटरवेंशन टीम), एसओजी श्रीनगर तथा पुलिस स्टेशन पंथा चौक के पुलिस घटक के साथ लगभग 23:59 बजे गमांदर मोहल्ले में पहुंचीं और उस क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। उक्त स्थान पर पहुंचने के बाद, वैली क्यूएटी की एक टीम के द्वारा संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी की गई। घर-घर जाकर तलाशी के दौरान, एक विशिष्ट घर की पहचान की गई, क्योंकि सैन्य दलों द्वारा घर खोलने के लिए पुकारे जाने पर कोई उत्तर नहीं मिला था। जब श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में तलाशी दल संदिग्ध घर के निकट पहुंचा, तो भीतर छिपे आतंकवादियों द्वारा उन पर गोलीबारी की गई। वैली क्यूएटी, सीआरपीएफ की टीम ने तुरंत ही जवाबी कार्रवाई की।

सटे हुए घरों से आम नागरिकों को सुरक्षित निकालने के बाद, श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट की कमान में एचआईटी, सिपाही/चालक विरेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा चालित मार्क्समैन बीपी वाहन की मदद से एक संकरी गली से होकर लक्षित घर की ओर आगे बढ़ी। जब मार्क्समैन बीपी वाहन की हैडलाइटों से मार्ग में रौशनी हुई, तो आतंकवादियों ने लक्षित घर को खाली कर दिया और उन्होंने पत्थरों के पीछे कवर ले लिया तथा ग्रेनेड फेंके और उसके बाद भारी गोलीबारी की, जिसके बारे में यह पता चला कि वह आगे बढ़ रहे सैन्य दल पर चलाई गई कवच भेदी गोली थी, जिसके परिणामस्वरूप उपर्युक्त वाहन के सामने वाले टायर क्षतिग्रस्त हो गए और श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट, सिपाही गोबिन्दा बारो और सिपाही खुशी राम चौधरी गोली के छर्रे लगने से घायल हो गए।

तत्पश्चात्, श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट और उनके साथियों ने देखा कि आतंकवादी अंधेरे और धुंए का फायदा उठाकर टीम पर गोलीबारी करते हुए भाग रहे हैं। टीम को अधिकतम कवर प्रदान करने के लिए सिपाही/चालक विरेन्द्र सिंह राजपूत ने अपने वाहन को रणनीतिक ढंग से खड़ा कर दिया ताकि गोलियां मार्क्समैन वाहन पर लगें। तथापि, एक आतंकवादी द्वारा चलाई गई गोली सिपाही गोबिन्दा बारो की दाईं टांग में लगी। श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने अपने साथी की सहायता से सिपाही गोबिन्दा बारो को ऑपरेशन स्थल से रणनीतिक ढंग से बचाकर सुरक्षित बाहर निकाला और उन्हें एक दूसरे वाहन से 92 आर्मी बेस अस्पताल, श्रीनगर पहुंचाया। आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी और ग्रेनेड फेंककर घेराबंदी को तोड़ने के प्रयास के बावजूद, श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट और उनके साथी सिपाही खुशी राम चौधरी और सिपाही खंडारे रौशन रामदास बच निकलने के मार्गों को ब्लॉक करने के लिए मार्क्समैन बीपी वाहन के पीछे कवर लेकर आगे बढ़े। सिपाही/चालक विरेन्द्र सिंह राजपूत ने यह पता होने के बावजूद कि आतंकवादी कवच भेदी गोलीबारी कर रहे हैं, विलक्षण साहस और पेशेवर कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोलियों की बौछार के बीच मार्क्समैन वाहन को चलाया।

अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने अपने साथियों के साथ बहादुरी से जवाबी कार्रवाई की और शेष आतंकवादियों को नजदीकी लड़ाई में मार गिराया। तत्पश्चात, मुठभेड़ के बाद सम्पूर्ण क्षेत्र की गहन तलाशी के दौरान, मुठभेड़ स्थल से तीन आतंकवादियों के शव बरामद हुए जिनकी पहचान बाद में जैश-ए-मोहम्मद संगठन के सुहैल अहमद राथर, श्रेणी ग, अबु लुकमान, श्रेणी क+ और रजाक भाई, श्रेणी क++ के रूप में की गई, जिनके पास से 03 एके 56 राइफल, एके 56 राइफल की 07 मैगजीन, एके 56 के 50 कारतूस और 01 चीनी ग्रैनेड बरामद हुए।

मुठभेड़ स्थल पर कोई अतिरिक्त क्षति नहीं हुई अथवा आम नागरिकों को चोट नहीं पहुंची। इस ऑपरेशन को रियल-टाइम योजनाबद्ध दृष्टिकोण अपनाकर अदम्य साहस और हिम्मत के साथ एक पेशेवर ढंग में अंजाम दिया गया। मारे गए आतंकवादी अनेक गतिविधियों में शामिल थे और उन्होंने सुरक्षा बलों (एसएफ) को हताहत करने, विशेष रूप से 13 दिसम्बर, 2021 को जेवान कैंप, पंथा चौक के निकट जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस की एक बस पर हमला करने में भी बड़ी भूमिका निभाई थी, जिसमें जम्मू और कश्मीर सशस्त्र पुलिस के तीन कार्मिक वीरगति को प्राप्त हुए थे और अन्य कार्मिकों को गंभीर चोटें आईं थी। इस प्रकार, इन तीनों आतंकवादियों का सफाया सैन्य दलों की एक महत्वपूर्ण और सराहनीय उपलब्धि माना जाता है।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सर्व/श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट, गोबिन्दा बारो, सिपाही, खुशी राम चौधरी, सिपाही, खंडारे रौशन रामदास, सिपाही और विरेन्द्र सिंह राजपूत, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.12.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/14/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 40--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री सुनील कुमार पाण्डेय	सिपाही	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय दिनांक 28.02.2020 से, गांव बोरडुमसा, जिला चांगलांग, अरुणाचल प्रदेश में तैनात 186 सीआरपीएफ की एफ कम्पनी में ड्यूटी कर रहे थे। दिनांक 06.09.2023 को, विश्वसनीय सूत्रों से असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के सामान्य क्षेत्र में निषिद्ध पदार्थों की तस्करी के संबंध में एक विशिष्ट आसूचना प्राप्त हुई। लगभग 16:15 बजे, हेड कांस्टेबल सुजॉय नंदी के नेतृत्व में एफ/186 के सिपाही नरेन्द्र सिंह, सिपाही आशुतोष ओझा और सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय उक्त आसूचना की पुष्टि करने के लिए गए तथा एक सुदृढ़ दल को कम्पनी की तैनाती के स्थान पर रिजर्व में रखा गया, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटा जा सके। हेड कांस्टेबल सुजॉय नंदी के नेतृत्व वाले दल

को दो समूहों में बांटा गया: हेड कांस्टेबल सुजॉय नंदी और सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय वाला एक समूह खुद बोरडुमसा (असम) के माधापुर बाजार के टी-जंक्शन पर तैनात हो गया, जो अरुणाचल प्रदेश बॉर्डर से 100 मीटर की दूरी पर है। स्रोत से यह अतरिक्त जानकारी मिलने पर वे सतर्क हो गए कि संदिग्ध व्यक्ति एक मोटर बाइक पर सवार होकर बाजार की तरफ जा रहे हैं। अचानक, संदिग्ध व्यक्ति बाइक से उस स्थान पर पहुंच गए, जहां हेड कांस्टेबल सुजॉय नंदी और सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय तैनात थे। बाइक सवार व्यक्तियों को देखने और मुखबिर द्वारा बताये गए हुलिए की पहचान करने पर, उन्होंने बाइक सवार व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया। तथापि, बाइक सवारों ने बच निकलने की कोशिश की, परन्तु वे ऐसा नहीं कर पाए और वे बाइक से नीचे गिर गये। निहत्था होने के वाबजूद, सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय ने असाधारण साहस एवं दृढ़ निश्चय का परिचय दिया और अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना एक संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। तथापि, इस प्रयास के दौरान अन्य संदिग्ध व्यक्तियों ने एक चाकू से सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय पर कपटपूर्ण एवं क्रूर हमला किया। चाकू से किए गए इस असंभावित हमले की वजह से बहादुरी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय ने दुखद रूप से वीरगति को प्राप्त किया। उक्त सूचना प्राप्त होने पर, नामसाई में तैनात क्यूएटी/186, नामपोंग में तैनात जोनल क्यूएटी-I, पुलिस स्टेशन बोरडुमसा (असम) की टीम और पुलिस स्टेशन-बोरडुमसा (अरुणाचल प्रदेश) की टीम सहायता के लिए शीघ्र घटनास्थल पर पहुंची। सिपाही सुनील कुमार पाण्डेय को वहां से निकालकर राजकीय सिविल अस्पताल, बोरडुमसा ले जाया गया, जहां उनका उपचार कर रहे डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया। इस संबंध में पुलिस स्टेशन बोरडुमसा, जिला-तिनसुकिया (असम) में दिनांक 06.09.2023 को एफआईआर संख्या 0037 दर्ज की गई। तत्पश्चात, दोनों हमलावरों को स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और बोरडुमसा पुलिस (असम) द्वारा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्व. श्री सुनील कुमार पाण्डेय, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 06.09.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/190/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 41---प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	धनाराजू मट्टा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
2.	घोड़के प्रकाश आर	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	सोमपाल सिंह	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
4.	टी एच जॉन थ्रो	सिपाही	वीरता पदक
5.	मुशाहिद अली	सिपाही	वीरता पदक
6.	सिरसठ विकास आनन्दा	सिपाही	वीरता पदक
7.	हरदेव सैनी	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

अभिजीत यादव उर्फ बनवारी, जेडसीएम के नेतृत्व में सीपीआई माओवादी कैडरों के एक समूह की बिहार के गया और औरंगाबाद, जिलों के अंतर्गत चकरबंधा वन में गतिविधि के संबंध में प्राप्त आसूचना के आधार पर, बिहार पुलिस के साथ-साथ 205 कोबरा और 153 एवं 159 सीआरपीएफ द्वारा एक ऑपरेशन शुरू किया गया।

योजना के अनुसार, कोबरा हमलावर टीमें आम नागरिकों के पैटर्न वाले वाहनों से लक्षित क्षेत्र के निकट पहुंची और उसके बाद सभी प्रकार की सावधानियां बरतते हुए औचक तथा गोपनीयता बनाए रखकर लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ीं। लगातार हो रही बारिश और दुर्गम क्षेत्र का सामना करते हुए अंधेरी रात में चलकर घने कंटीले वन से गुजरने के बाद हमलावर टीमों ने अपने-अपने संबंधित लक्षित क्षेत्रों में प्रवेश किया तथा रणनीतिक ढंग में तलाशी शुरू कर दी। दिनांक 25 जुलाई, 2019 की सुबह इलाके की तलाशी करते हुए हमलावर टीम-1 सतनाडिया नाले पर पहुंची और वह 2 उप टीमों में बंट गई। उन्होंने समानांतर चलते हुए तलाशी करना जारी रखा, ताकि एक बड़े क्षेत्र को कवर किया जा सके। सतनाडिया नाले के निकटवर्ती क्षेत्र में तलाशी करने के बाद, उप टीम-1 सतनाडिया नाले के दक्षिण में स्थित एक पहाड़ी की ओर आगे बढ़ी। ढ़लान पर चढ़ते हुए, सैनिकों ने देखा कि पहाड़ी पर ऊपर की ओर जाने वाले एक रास्ते पर आईईडी लगा रखी गई है। टीम कमांडर श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने तत्काल सैनिकों को सतर्क किया और जल्दी से योजना तैयार करके दो दिशाओं से चढ़ाई करना शुरू कर दिया। उक्त टीमें कुछ दूरी तक ही पहुंची थीं कि टीम-1 के अग्रणी दल पर प्रभुत्व वाले ऊंचे स्थानों से भारी गोलीबारी की गई। इससे पहले की सैनिक जवाबी कार्रवाई करते, गोलीबारी के बाद क्रमवार 5 आईईडी विस्फोट किए गए। श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट, हेड कांस्टेबल धनाराजू मट्टा, सिपाही टी एच जॉन थ्रो, हेड कांस्टेबल सोमपाल सिंह, हेड कांस्टेबल घोड़के प्रकाश आर, सिपाही मुशाहिद अली, सिपाही हरदेव सैनी और सिपाही सिरसठ विकास आनन्दा वाला अग्रणी दल माओवादियों के मारक क्षेत्र में बुरी तरह फंस गया। तुरंत कार्रवाई करते हुए, उन्होंने तत्काल कवर ले लिया और जवाबी हमला शुरू कर दिया।

सैनिकों के जीवन पर एक गंभीर खतरा मंडरा रहा था। इस स्थिति को भांपते हुए, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने जवाबी हमला तेज कर दिया और इस मुठभेड़ के बारे में कमान बेस को भी सूचना पहुंचा दी। एक-दूसरे पर भारी गोलीबारी के बीच, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट टीम के फंसे हुए अन्य कार्मिकों के साथ रेंगकर गोलीबारी करते हुए माओवादियों की ओर आगे बढ़े। परंतु इस कार्रवाई से माओवादी विचलित नहीं हुए क्योंकि वे पत्थरों और पेड़ों के सुरक्षित कवर के पीछे छिपे हुए थे तथा उन्होंने ऊंचे प्रभुत्व वाले स्थानों पर कब्जा कर रखा था। माओवादियों ने उनकी ओर आने वाले मार्गों पर आईईडी, जो बीच-बीच में फट रही थीं, बिछाकर अपनी सुरक्षा को भी मजबूत कर रखा था।

स्थिति की गंभीरता और समय की मांग को समझते हुए, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने पूरी ताकत के साथ सामने से हमला करने का एक साहसिक निर्णय लिया। सिपाही टी एच जॉन थ्रो, हेड कांस्टेबल सोमपाल सिंह और हेड कांस्टेबल धनाराजू मट्टा के साथ सामने से नेतृत्व करते हुए, वे गोलीबारी करके आगे बढ़ने की रणनीति का उपयोग करते हुए माओवादियों की रक्षा प्रणाली के सामने की ओर आगे बढ़े। भारी गोलीबारी के बीच ढ़लान पर चढ़ते हुए, सैनिक माओवादियों के ठिकाने के पास पहुंच गए। कोबरा कमांडो की अप्रत्याशित और साहसिक कार्रवाई ने माओवादियों को स्तब्ध कर दिया। इससे पहले की वे कोई कार्रवाई करते, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने अतुलनीय वीरता का प्रदर्शन करते हुए खड़े रहकर भारी गोलीबारी की और एक माओवादी को मार गिराया। तथापि, चूंकि माओवादियों ने सुरक्षित पोजीशन ले रखी थी, अतः उनको संभलने में ज्यादा समय नहीं लगा। उन्होंने आगे बढ़ रहे सैनिकों के ठीक सामने एक आईईडी से विस्फोट किया। त्वरित कार्रवाई का प्रदर्शन करते हुए, सैनिकों ने न केवल स्वयं को आईईडी के असर से बचाया, बल्कि वे दूसरे जवाबी हमले के लिए तैयार भी हो गए।

उभरती हुई स्थिति और आईईडी के खतरे का विश्लेषण करते हुए, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने दूसरी त्वरित जवाबी कार्रवाई की योजना बनाई। वे हेड कांस्टेबल धनाराजू मट्टा, सिपाही टी एच जॉन थ्रो और हेड कांस्टेबल सोमपाल सिंह के साथ माओवादियों पर बाईं ओर से हमला करने के लिए आगे बढ़े, जबकि हेड कांस्टेबल घोड़के प्रकाश आर, सिपाही/जीडी मुशाहिद अली और सिपाही सिरसठ विकास आनन्दा को दाईं ओर से हमला करने का आदेश दिया। उसी समय, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने शेष सैनिकों को भी माओवादियों के ठिकाने पर यूबीजीएल दागने का आदेश दिया। जब माओवादी बाईं ओर से हमला करने में व्यस्त थे, पीछे की ओर से यूबीजीएल के हमले और दाईं ओर से एक नए जवाबी हमले ने उनको चौंका दिया। इस अवसर का लाभ उठाकर, बहादुर कार्मिकों ने दाईं ओर से माओवादियों पर धावा बोल दिया और उनमें से दो माओवादियों को मार गिराया। इसी बीच, श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट ने उनको पीछे से घेरने के लिए एक छोटी टीम तैयार की। इस भीषण और सामरिक जवाबी हमले ने माओवादियों को तितर-बितर कर दिया और उन्होंने भागना शुरू कर दिया। सैनिकों ने लगभग 300-400 मीटर उनका पीछा किया, परंतु माओवादी घने जंगल और उक्त क्षेत्र के संबंध में अपनी जानकारी का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए।

गोलीबारी बंद हो जाने के बाद, सैनिकों ने उस क्षेत्र की गहन तलाशी ली और 1 एकेएम राइफल, 3 इंसास राइफलों, 1 यूएस कार्बाइन, एक .303 राइफल, 1 कार्बाइन, 4 आईईडी और गोलाबारूद के एक बड़े जखीरे के साथ 03 माओवादियों के शव बरामद किए। मुठभेड़ स्थल पर खून के धब्बों से यह पता चला की लगभग 4-5 अन्य माओवादी गोली लगने से घायल हो गए थे, परन्तु वे बच निकले।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सर्व/श्री धनाराजू मट्टा, हेड कांस्टेबल, घोड़के प्रकाश आर, हेड कांस्टेबल, सोमपाल सिंह, हेड कांस्टेबल, टी एच जॉन थ्रो, सिपाही, मुशाहिद अली, सिपाही, सिरसठ विकास आनन्दा, सिपाही और हरदेव सैनी, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 25.07.2019 से दिया जाएगा।

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 42--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	श्री हरिमोहन सिंह भण्डारी	उप-निरीक्षक	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 30 जून, 2016 को, गांव-मलवाड़ी (नेवा), पुलिस स्टेशन तथा जिला-पुलवामा, जम्मू और कश्मीर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुलिस अधीक्षक पुलवामा से सूचना प्राप्त होने पर, श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट, 183वीं बटालियन, सीआरपीएफ की कमान में 183 बटालियन के सैनिकों ने एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस तथा 55 आरआर के साथ एक घेराबंदी और तलाशी अभियान (सीएएसओ) शुरू किया। संयुक्त सैन्य बलों के कमांडरों के साथ पारस्परिक विचार-विमर्श के बाद एक विस्तृत रणनीति तैयार की गई और तदनुसार, लक्षित घर के चारों ओर रणनीतिक घेराबंदी की गई। श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट की कमान में 183वीं बटालियन सीआरपीएफ के सैनिकों को 55 आरआर और एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ भीतरी घेराबंदी करने का कार्य सौंपा गया। लक्षित घर के निकट रणनीतिक ढंग में 183वीं बटालियन सीआरपीएफ के दो बंकर भी लगाए गए।

मासूम आम नागरिकों की जान बचाने के लिए, सर्वप्रथम लक्षित क्षेत्र से स्थानीय निवासियों को सुरक्षित बाहर निकालने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, समुचित सावधानी बरतते हुए, सैनिकों ने निकटवर्ती आवासीय घरों से आम नागरिकों को बाहर निकालकर एक सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाया। उसके बाद, सैनिक लक्षित घर के निकटवर्ती घरों में तैनात हो गए। उप-निरीक्षक हरिमोहन सिंह भण्डारी के साथ श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट ने लक्षित घर के सामने वहां उपलब्ध कवर के पीछे पोजीशन ले ली।

जब सैनिक लक्षित क्षेत्र की ओर आगे बढ़ रहे थे, आतंकवादियों ने सैनिकों की मौजूदगी/गतिविधि को भांप लिया और उन्होंने बच निकलने के प्रयास में सैनिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और उसके बाद ग्रेनेड फेंका। वह ग्रेनेड उस स्थान के नजदीक आकर गिरा, जहां श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट और उनकी टीम ने पोजीशन ले रखी थी। उस स्थिति में तत्काल कार्रवाई करते हुए सैनिकों ने एक चमत्कारिक ढंग में स्वयं को उस मारक हमले से बचाया, क्योंकि गोलियों और ग्रेनेड के छर्रे अपने लक्ष्य से जरा सा चूक गए थे। इसी बीच, सैनिक हरकत में आए और उन्होंने आतंकवादियो की गोलीबारी का जवाब दिया। संभावित खतरों से विचलित हुए बिना, श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट, उप-निरीक्षक हरिमोहन सिंह भण्डारी और सिपाही राजेश शाह ने आतंकवादियों पर प्रभावकारी गोलीबारी की तथा उन्हें बच निकलने के और अधिक प्रयास करने से रोक दिया। इस जवाबी कार्रवाई में 55 आरआर और एसओजी, जम्मू और कश्मीर पुलिस के सैनिकों द्वारा सहायता की गई। सुरक्षा बलों की प्रभावकारी और त्वरित जवाबी कार्रवाई ने आतंकवादियों को स्तब्ध कर दिया क्योंकि वे कुछ समय तक जवाबी कार्रवाई नहीं कर सके।

सुरक्षा बलों से चोट खाए आतंकवादियों ने स्थिति की समीक्षा की और एक लम्बी खामोशी के बाद, सैनिकों की पोजीशन का पता लगाकर उन्होंने सैनिकों पर पुनः अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसे एक बार फिर से विफल कर दिया गया। यह देखकर कि सुरक्षा बलों पर गोलियों का कोई भी असर नहीं पड़ रहा है, आतंकवादियों ने श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट, जो उनके बच निकलने के रास्ते में चट्टान की तरह डटे हुए थे और बाधा बने हुए थे, की ओर एक और ग्रेनेड फेंका। सैनिकों की तीव्रता और प्रतिक्रिया ने ग्रेनेड हमले के प्रभाव को फिर से विफल कर दिया। आतंकवादियों के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करते हुए, श्री विनय आनंद प्रकाश ने यह महसूस किया कि आतंकवादी उस स्थान से बच निकलने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं और सैनिकों पर अपने हमले को तेज कर सकते हैं। आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को कोई क्षति पहुंचाने अथवा उस स्थान से बच निकलने से पहले उनका सफाया करने के लिए एक एडवांस रणनीतिक कार्रवाई की आवश्यकता थी। केवल साहसिक प्रयास का ही एक मात्र विकल्प बचा था। इस स्थिति में, श्री विनय आनंद प्रकाश, कमाण्डेंट ने एक कमांडर के सच्चे गुणों का प्रदर्शन करते हुए यह जिम्मेदारी उठाने का निर्णय लिया। वे जोखिम की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए और अनुकरणीय बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए अपने कवर से बाहर निकले और आतंकवादियों पर भीषण हमला किया।

इसी बीच, अपने कमांडर का इशारा पाकर उप-निरीक्षक हरिमोहन सिंह भण्डारी भी बहादुरी के इस कार्रवाई में शामिल हो गए और उन्होंने प्रभावकारी गोलीबारी से आतंकवादियों पर हमला किया। उपर्युक्त दोनों कार्मिकों की निर्भीक और साहसिक कार्रवाई में सिपाही

राजेश शाह द्वारा सहायता की गई। आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद, उन्होंने शत्रुओं पर गोलियों की बौछार की। बहादुर कार्मिकों द्वारा की गई निर्भीक और साहसिक कार्रवाई ने आतंकवादियों के हौसले को पस्त कर दिया और उनका सफाया कर दिया। इस मुठभेड़ के बाद की गई तलाशी के दौरान, सैनिकों ने दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा के अबु अयान, श्रेणी-'ए', निवासी पाकिस्तान और लश्कर-ए-तैयबा के मंजूर अहमद डार, श्रेणी-'बी', पुत्र अब्दुल राशिद डार, निवासी केसरी गांव गुंडीबाग, काकापोरा के रूप में की गई। मारे गए आतंकवादियों से एक एके राइफल, मैगजीन के साथ एक पिस्तौल और गोलाबारूद बरामद किया गया।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के श्री हरिमोहन सिंह भण्डारी, उप-निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 30.06.2016 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/07/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 43--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक का प्रथम बार सहर्ष प्रदान करती हैं: —

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	नरेन्द्र यादव	द्वितीय कमान अधिकारी	वीरता पदक का प्रथम बार
2.	अमित कुमार	सहायक कमाण्डेंट	वीरता पदक का प्रथम बार
3.	पुगालेंधी वी	सिपाही	वीरता पदक
4.	रंजन कुमार	सिपाही	वीरता पदक
5.	राणा जुल्फकार अली	सिपाही	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 28 जून, 2021 को शालतेंग और नरबल के बीच श्रीनगर-बारामुला राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा बलों पर एक संभावित आतंकवादी हमले के संबंध में प्राप्त आसूचना के आधार पर, सीआरपीएफ वैली क्यूएटी की 04 एचआईटी ने आतंकवादियों के शैतानी इरादे को विफल करने के लिए रणनीतिक स्थानों पर अपनी-अपनी पोजीशन ले ली। परिणामस्वरूप, एक वाहन में सवार खूंखार आतंकवादी को गिरफ्तार किया गया और संयुक्त पूछताछ में यह पता चला कि उसने अपनी एके 47 राइफल मलूरा के किसी घर में छिपा रखी है।

गिरफ्तार किए गए आतंकवादी द्वारा दी गई सूचना के आधार पर, वैली क्यूएटी, सीआरपीएफ, एसओजी और 2 आरआर ने एक ऑपरेशन शुरू किया। उक्त टीमों ने 15:10 बजे लक्षित घर, जो श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी के किनारे पर स्थित था, के चारों ओर घेराबंदी कर ली। योजना के अनुसार, उक्त टीमों को एक सिविल वाहन का उपयोग करके अचानक भीतरी घेराबंदी करनी थी। तदनंतर, अतिरिक्त टीमें भी शामिल हो जातीं, ताकि घेराबंदी को सुदृढ़ किया जा सके।

योजना बनाने के चरण के दौरान, प्रत्येक टीम को अलग-अलग भूमिकाएं सौंपी गई। श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट और उनकी टीम को संदिग्ध घर को सामने की तरफ से कवर करने का कार्य सौंपा गया। श्री एल.सी. रवि, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व वाली टीम को दाईं तरफ को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी दी गई। पीछे की तरफ की जिम्मेदारी श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी और उनकी टीम को सौंपी गई। श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट को संदिग्ध घर के आंगन के प्रवेश द्वार को कवर करने का कार्य सौंपा गया। अंत में, बाईं दिशा को श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व वाली टीम द्वारा कवर किया जाना था।

श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने संदिग्ध घर के सिविल निवासियों के साथ संपर्क करने के लिए एक यूएवी ब्रॉडकास्टर का उपयोग किया तथा उनसे परिसर को खाली करने का अनुरोध किया। तदनंतर, घोषणाओं का अनुपालन करते हुए एक परिवार, जिसमें एक पुरुष, दो

महिलाएं और एक बच्चा शामिल थे, लक्षित घर से बाहर निकले। तथापि, उनके बाहर आने के तुरंत बाद एक आतंकवादी, जो घर के भीतर छुपा हुआ था, ने श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व वाले घेराबंदी दल पर एके 47 और यूबीजीएल से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हमलावर टीम की प्रभावकारी जवाबी कार्रवाई ने आतंकवादी को वापस घर के पिछले हिस्से में जाने के लिए विवश कर दिया।

आतंकवादी की गतिविधि को नियंत्रित करने और घर में घुसने का रास्ता बनाने के लिए, श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी ने जम्मू और कश्मीर पुलिस तथा सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ परामर्श करके क्रमिक ढंग में एमजीएल और आरएल का उपयोग करने का निर्णय लिया। तीन आरएल टुकड़ियां गठित की गईं: पहली टुकड़ी श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में, दूसरी टुकड़ी श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में और तीसरी टुकड़ी श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में थी।

तदनुसार, एमजीएल और आरएल से अलग-अलग दिशाओं से गोलीबारी की गई। प्रभावकारी गोलीबारी में घिर जाने पर छिपे हुए आतंकवादी ने श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व वाले दल पर गोलियों की बौछार की और अपने यूबीजीएल से ग्रेनेड चलाकर लक्षित घर के पीछे की दिशा से घेराबंदी को तोड़ने का प्रयास किया।

तथापि, श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट ने साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया और प्रभावकारी ढंग में जवाबी कार्रवाई की, परन्तु एक-दूसरे पर गोलीबारी के दौरान वे गोली लगने से घायल हो गए। सिपाही राणा जुल्फकार अली, जो श्री सतेन्द्र सिंह, सहायक कमाण्डेंट के साथ ही आगे बढ़ रहे थे, भीषण बंदूक की लड़ाई में अपने कमांडर को घायल होता हुआ देखकर, लगातार हो रही गोलीबारी के सामने आने का जोखिम उठाकर एक खुले क्षेत्र में निकल आए और उन्होंने अपने घायल कमांडर को सुरक्षित निकलने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

वहां कुछ ऐसे कमरे थे, जहां एमजीएल का ज्यादा असर नहीं पड़ा और आतंकवादी घर के भीतर आसानी से इधर-उधर आ-जा रहा था। आतंकवादी द्वारा लक्षित घर के भीतर वापस जाने के बाद, श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी ने श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व वाली आरएल टुकड़ी को घर के सामने की तरफ में 84 एमएम आरएल राउंड से हमला करने का निर्देश दिया। आरएल टुकड़ी ने छत पर अपनी पोजीशन ले ली और ड्रोन की सहायता से एक कोने में छिपे हुए आतंकवादी को देखा तथा इस स्थान की ओर आरएल से गोलीबारी की गई।

और विचार-विमर्श करने के बाद, श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी ने घर में आग लगाने के लिए अग्नि वर्षा नामक एक फ्लेम थ्रोवर का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया। आतंकवादी से मिल रही लगातार धमकियों के बावजूद, श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट वैली क्यूएटी की एक टीम के साथ एक बीपी वाहन में लक्षित घर के निकट पहुंचे और अग्नि वर्षा के द्वारा तेल छिड़ककर घर को आग लगा दी। तथापि, आग ज्यादा देर तक नहीं जली। समुचित विचार-विमर्श के पश्चात, श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट और उनके साथियों, एसओजी के छोटे घटक और अन्य कार्मिकों को शामिल करके छोटी टीमें गठित करने का निर्णय लिया गया, ताकि घर में प्रवेश किया जा सके।

निरंतर खतरे के बावजूद, श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में घर में प्रवेश करने वाली टीमें लक्षित घर की ओर आगे बढ़ीं। अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी ने आगे बढ़ रही टीम की ओर गोलियों की बौछार से हमला किया। सौभाग्य से, टीम रणनीतिक ढंग में आगे बढ़ गई और गोलीबारी से बाल-बाल बचने में सफल हो गई। टीम ने दृढ़ निश्चय और निडरता के साथ भारी गोलीबारी के साथ जवाबी कार्रवाई की। श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट और श्री विनय कुमार, सहायक कमाण्डेंट तथा अन्य कार्मिकों ने अपने संबंधित साथियों के साथ दो टीमों में बंटने और दो दिशाओं से आतंकवादी को घेरने का निर्णय लिया, क्योंकि आतंकवादी लगातार भूतल पर इधर-उधर आ-जा रहा था।

उसी समय, आतंकवादी ने इस टीम की ओर एक ग्रेनेड फेंका। यह ग्रेनेड उनसे कुछ दूरी पर गिरा और टीम ने तत्काल ईंटों के एक ढ़ेर के पीछे कवर ले लिया और वे विस्फोट से बाल-बाल बच गए। श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट और उनका साथी धुंए का लाभ उठाकर उस कमरे की बाईं तरफ आगे बढ़े, जहां से आतंकवादी गोलीबारी कर रहा था और उन्होंने खिड़की को कवर कर लिया। इससे पहले कि आतंकवादी कोई प्रतिक्रिया देता, दोनों टीमों ने उस पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी से जवाबी हमला किया और उक्त टीमें भी जवाबी कार्रवाई करती रहीं। कुछ देर की खामोशी के बाद, टीमों ने घायल आतंकवादी को चीखते हुए सुना। उन्होंने देखा कि आतंकवादी भागकर पीछे की तरफ से घर से बाहर कूद गया।

श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, सिपाही रंजन कुमार और सिपाही पुगालेंधी वी के साथ घेराबंदी से आतंकवादी की ओर आगे बढ़े। आतंकवादी की निरंतर गोलीबारी के बावजूद अडिग टीमों ने उसे उलझाए रखा। सभी दिशाओं से घिरा हुआ पाकर आतंकवादी ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। आतंकवादी ने आगे बढ़ रही टीमों की ओर एक ग्रेनेड फेंकने का प्रयास किया, परन्तु श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी ने सिपाही रंजन कुमार और सिपाही पुगालेंधी वी के साथ उसके इरादे को भांपकर टीमों को सतर्क कर दिया। अत्यधिक साहस का प्रदर्शन करते हुए, श्री अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट अपने साथियों और श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, सिपाही राजन कुमार और सिपाही पुगालेंधी वी के साथ अपने कवर से बाहर आ गए। इससे पहले कि आतंकवादी ग्रेनेड फेंकता, सभी तीनों दलों ने गोलीबारी शुरू कर दी और नजदीक से उसे मार गिराया। मुठभेड़ के बाद की तलाशी में एक और आतंकवादी का शव बरामद हुआ। इस मुठभेड़ के दौरान, लश्कर-ए-तैयबा के 02 खूंखार आतंकवादियों का सफाया किया गया और साथ ही 2 एके सीरीज राइफलें, 2 एके मैगजीनें, 13 एके कारतूस और 1 यूबीजीएल

बरामद किया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान बाद में लश्कर-ए-तैयबा के अब्रार नदीम भट्ट, श्रेणी 'ए+' और बाबर नदीम उर्फ हाफिज उर्फ उकाशा उर्फ मुस्लिम श्रेणी 'ए++' के रूप में की गई।

इस ऑपरेशन में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सर्व/श्री नरेन्द्र यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, अमित कुमार, सहायक कमाण्डेंट, पुगालेंधी वी, सिपाही, रंजन कुमार, सिपाही और राणा जुल्फकार अली, सिपाही ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 28.06.2021 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/71/2023-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 44--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) और वीरता पदक, मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	चन्द्रमणि मजूमदार	सहायक उप-निरीक्षक	वीरता पदक
2.	अमन कुमार	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक
3.	स्व. रवि शर्मा	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक (मरणोपरांत)
4.	नरेन्द्र	हेड कांस्टेबल	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

दिनांक 23 नवम्बर, 2020 को लगभग 07:30 बजे, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़ के मटला रिजर्व वन क्षेत्र में चल रहे राउघाट रेवले लाइन परियोजना के नजदीक सीओबी कोसरोंदा, 33 बटालियन एसएसबी, केवती के 30 जवानों वाले सड़क सुरक्षा ऑपरेशन (आरएसओ) दल पर लगभग 130-150 नक्सलवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया।

श्री बिभू साहा, सहायक कमाण्डेंट की कमान में आरएसओ सह डिमाइनिंग दल निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक को सुरक्षा प्रदान करने वाले डिमाइनिंग दल को कवर प्रदान करते हुए पहाड़ी और घने वन क्षेत्र से होकर आगे बढ़ रहा था। जब उक्त सैन्य दस्ता वन में एक पहाड़ी पर से गुजर रहा था, तो इस दस्ते के एक जवान; हेड कांस्टेबल नरेन्द्र ने सामने की ओर कुछ गतिविधि देखी। उन्होंने दल को पोजीशन लेकर रणनीतिक ढंग में आगे बढ़ने का संकेत दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने काली यूनिफार्म में पेड़ों के पीछे छिपे हुए एक नक्सलवादी को देखा, इसलिए उन्होंने नक्सलवादी को बाहर निकलकर आत्मसमर्पण करने को कहा। अचानक, नक्सलवादियों द्वारा एसएसबी के सैन्य दस्तों की दिशा में गोलियों की बौछार की गई। ये वे नक्सलवादी थे, जिन्होंने एसएसबी कार्मिकों को मारने और उनके हथियार लूटने के लिए घात लगा रखी थी और वे स्वचालित हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी कर रहे थे। अचानक, नक्सलवादियों ने एक रिमोट कंट्रोल्ड-इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आरसी-आईईडी) से विस्फोट किया। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह किए बिना, सहायक उप-निरीक्षक चन्द्रमणि मजूमदार ने गोलीबारी करके आगे बढ़ने की रणनीति को अपनाते हुए दुर्गम क्षेत्र को पार किया और नक्सलवादियों की एलएमजी के ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। इससे अग्रिम सैन्य दल के सदस्यों अर्थात् हेड कांस्टेबल नरेन्द्र, हेड कांस्टेबल रवि शर्मा और हेड कांस्टेबल अमन कुमार को गोलीबारी करके आगे बढ़ते हुए नक्सलवादियों की घात को तोड़कर नक्सलवादियों को मजबूर करने में मदद मिली। नक्सलवादियों और एसएसबी के सैनिकों के बीच एक-दूसरे पर गोलीबारी में, एसएसबी द्वारा तीन खूंखार नक्सलवादियों का सफाया कर दिया गया और टेलिस्कोपिक साइट के साथ 01 एसएलआर राइफल, 01 एक्स – 95 राइफल, देशी निर्मित एच.ई. बमों को चलाने के लिए परिष्कृत स्वदेश में निर्मित 12 बोर की राइफल, जिंदा कारतूस और अन्य साजो-सामान तथा सहायक सामग्रियां बरामद की गईं। इसके अतिरिक्त, स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में एसएसबी की बीडीडीएस टीम के द्वारा मुठभेड़ स्थल के समीप से 19 आईईडी को भी निष्क्रिय किया गया।

इस ऑपरेशन में, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सर्व/श्री चन्द्रमणि मजूमदार, सहायक उप-निरीक्षक, अमन कुमार, हेड कांस्टेबल, स्व. रवि शर्मा, हेड कांस्टेबल और नरेन्द्र, हेड कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 23.11.2020 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/35/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 45--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, जम्मू और कश्मीर अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिक को वीरता पदक (जीएम), मरणोपरांत प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	स्व. श्री सतीश कुमार रैना	चयन ग्रेड फायरमैन	वीरता पदक (मरणोपरांत)

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

श्री सतीश कुमार रैना, जम्मू और कश्मीर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा के चयन ग्रेड फायरमैन को दिनांक 29.09.1998 को फायरमैन के रूप में नियुक्त किया गया था और वे सुप्रशिक्षित थे तथा आग लगने की घटना के दौरान वीरगति को प्राप्त होने तक वे 24 वर्षों से अधिक की अवधि से अनुकरणीय सेवा का निर्वहन कर रहे थे। उनकी सेवा का रिकॉर्ड उनके सम्पूर्ण सेवा काल में निष्कलंक रहा। वे एक बहादुर अग्निशमन कर्मी थे और उन्होंने हाल के वर्षों में आग लगने की बड़ी घटनाओं के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दिनांक 13.01.2023 को 20:39 बजे अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, नियंत्रण कक्ष गांधी नगर जम्मू को कैथोलिक चर्च, प्रेम नगर, जम्मू के निकट एक आवासीय घर में आग लगने के बारे में एक कॉल आई। इस संदेश को नजदीकी अग्निशमन एवं आपातकालीन स्टेशन शहीदी चौक, जम्मू को भेजा गया। रात्रि 20:04 बजे, श्री सतीश कुमार रैना, चयन ग्रेड फायरमैन और क्रू मैंबर्स के साथ अग्निशमन एवं आपातकालीन स्टेशन शहीदी चौक की पंजीकरण संख्या 4612/जेके02सीएक्स वाले फायर टेंडर और क्रू मैंबर्स के साथ अग्निशमन एवं आपातकालीन स्टेशन मुख्यालय गांधीनगर की सीएच संख्या 9782 वाले फायर टैंडर को आग लगने वाले स्थान पर भेजा गया।

अग्निशमन ऑपरेशन के दौरान, श्री सतीश कुमार रैना, चयन ग्रेड फायरमैन ने फायर टैंडर के लिए सीधी पहुंच रहित अत्यधिक भीड़-भाड़ और घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित एक चार मंजिला भवन में अग्निशमन के दौरान हर बार की तरह अपनी जान की परवाह किए बिना उच्चकोटि की पेशेवरता और साहस का परिचय दिया। परन्तु दुर्भाग्यवश, सक्रिय रूप से अग्निशमन करने के दौरान उपर्युक्त कार्मिक चार मंजिला भवन की सीढ़ियों से नीचे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उक्त बहादुर अग्निशमन कर्मी ने आग को फैलने से रोकने के लिए आग बुझाने और एक चार्ज्ड लाइन लेकर आग को भवन में फैलने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा आग को फैलने से रोकने के लिए रणनीतिक ढंग से पोजीशन ले ली। तथापि, सतीश कुमार रैना, चयन ग्रेड फायरमैन ने बहादुरी से और अपनी जान की परवाह किए बिना आग बुझाते हुए दुर्भाग्यवश नियंत्रण खो दिया और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें विभागीय एम्बुलेंस के द्वारा तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज बक्शी नगर, जम्मू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत लाया हुआ घोषित कर दिया और इस प्रकार इस बहादुर अग्निशमन कर्मी ने इस विभाग के अन्य अग्निशमन कर्मियों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस ऑपरेशन में, जम्मू और कश्मीर अग्निशमन सेवा के स्व. श्री सतीश कुमार रैना, चयन ग्रेड फायरमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 13.01.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/124/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 46--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	राहुल पाल	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	वीरता पदक
2.	कुंवर सिंह	अग्निशमन अधिकारी	वीरता पदक
3.	जोगेन्द्र सिंह	फायरमैन	वीरता पदक
4.	सतेन्द्र सिंह	चालक	वीरता पदक
5.	प्रह्लाद सिंह राणा	फायरमैन	वीरता पदक
6.	आयुष्मान कुमार शर्मा	फायरमैन	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

एक महिला नामतः अनामिका ने अग्निशमन केंद्र, वैशाली के लैंडलाइन नम्बर पर प्लॉट सं. 15-16, एमीकेयर अस्पताल, न्यायखंड-1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद में आग लगने की घटना के बारे में सूचना दी। एमीकेयर अस्पताल बेसमेंट एवं ऊपरी भूतल सहित एक 04 मंजिला भवन है। उक्त सूचना प्राप्त होने पर, अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह के नेतृत्व में चालक श्री सतेन्द्र सिंह, फायरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी श्री मूलचंद सिंह, लीडिंग फायरमैन श्री अरविंद कुमार त्यागी, लीडिंग फायरमैन श्री विरेन्द्र सिंह, चालक श्री पदम सिंह, चालक श्री नरेन्द्र कुमार, फायरमैन श्री प्रह्लाद सिंह राणा, श्री बंटी कुमार, विनय यादव, विजय कुमार, निवेश कुमार, आयुष्मान कुमार, पदम सिंह, शंकर लाल और दीपक कुमार तत्काल घटनास्थल की ओर चल दिए। रास्ते में, अग्निशमन अधिकारी ने मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल को भी घटना के बारे में सूचित किया।

घटनास्थल पर पहुंचने के बाद, अग्निशमन टीम को यह पता चला कि आग एमीकेयर अस्पताल के भूतल पर स्थित इलेक्ट्रिक पैनल में लगी है और फ्रंट एलीवेशन भयंकर आग की चपेट में आ गया है। आग की लपटें और घना काला धुआं आसमान में उड़ रहा था। अस्पताल का पूरा भवन धुएं से भर गया था। इसी बीच, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल घटनास्थल पर पहुंचे और मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल तथा अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह ने बगैर समय गंवाए तत्काल अग्निशमन टीम को आग बुझाने की प्रक्रिया शुरू करने का निदेश दिया ताकि आग पर काबू किया जा सके। अग्निशमन टीम ने तुरंत एमएफई द्वारा दो पंपिंग लाइनें लगाकर आग बुझाने की कार्रवाई शुरू कर दी। अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह ने अग्निशमन टीम को डिलीवरी हॉज-पाइप लाइनों को रणनीतिक ढंग से लगाने और उपर्युक्त भवन के बाहरी हिस्से के तापमान को कम करने के लिए भवन के प्रत्येक कोने में पानी की भारी बौछार करने का निदेश दिया और साथ ही, बाहर से सभी मोटे शीशों को तोड़ने के लिए भी कहा गया ताकि धुआं बाहर निकल सके और आग नजदीकी भवन में न फैल सके।

उपर्युक्त अस्पताल एक भयानक स्थिति में था और मरीज एवं उनके परिजन मदद के लिए चिल्ला रहे थे। अस्पताल के कर्मचारियों ने यह सूचना दी कि अस्पताल के आईसीयू एवं वार्डों में लगभग 10 मरीज और 05 कर्मचारी फंसे हुए हैं और जहरीले धुएं के कारण उनकी जान खतरे में है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल और अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह भीषण आग की लपटों में घिरे अस्पताल के भवन में फंसे प्रत्येक व्यक्ति को बचाकर सुरक्षित निकालने के लिए प्रतिबद्ध रहे। बिना समय गवाएं, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल ने शीघ्रता से एक बचाव टीम गठित की, जिसमें अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह, फायरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह, चालक श्री सतेन्द्र सिंह, फायरमैन श्री प्रह्लाद सिंह राणा और श्री आयुष्मान कुमार शर्मा शामिल थे तथा उन्होंने बी.ए. सेट एवं हेलमेट पहन रखे थे और उन्होंने अपनी जान को खतरे में डालकर फंसे हुए सभी व्यक्तियों को बचाने के उद्देश्य से अस्पताल के भवन में प्रवेश करने का प्रयास किया। घने, जहरीले, अत्यधिक धुएं और भयंकर आग के कारण कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे उनके अंदर प्रवेश करने में बाधा पहुंच रही थी। जीरो विजिबिलिटी के बावजूद और आग तथा धुएं की गंभीरता तथा मरीजों के जीवन पर खतरे को देखते हुए, उन्होंने भीषण आग की लपटों में अपनी जान और अंगो की परवाह किए बिना क्रोबार से कांच के मोटे शीशों को तोड़कर घने धुएं से भरी सीढ़ियों से होकर भवन में प्रवेश किया और वे शीघ्रता से ऊपरी तल पर पहुंच गए क्योंकि लोग आईसीयू और वार्ड में फंसे हुए थे, जो भवन के प्रथम और द्वितीय तल पर स्थित थे। उन्होंने अपनी जान को जोखिम में डालकर और खिड़कियों के शीशों को तोड़कर प्रथम तल पर स्थित आईसीयू में प्रवेश किया। खिड़की के शीशों को तोड़ने के दौरान एक टूटे हुए गरम शीशे से अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह की हथेली और हाथ में चोट लग गई, परंतु अपनी चोट के बावजूद उन्होंने आईसीयू में प्रवेश किया। अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह और बचाव टीम ने देखा कि मरीजों का दम घुंट रहा है और वे आईसीयू में असहाय अवस्था में फंसे हुए हैं। अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह, फायरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह, चालक श्री सतेन्द्र सिंह और श्री प्रह्लाद सिंह राणा द्वारा कंबल से ढककर

ह्यूमन क्लच, शोल्डर के जरिए और स्ट्रेचर की मदद से एक-एक करके पांच (05) मरीजों को आईसीयू में से बचाकर बाहर निकाला गया और सभी पांच मरीजों को एम्बुलेंस के द्वारा यशोदा अस्पताल, कौशांबी में पहुंचाया गया।

पुनः, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल और फायरमैन श्री आयुष्मान कुमार शर्मा उस वार्ड, जो द्वितीय तल पर स्थिति था, में फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए चढ़कर उक्त भवन के द्वितीय तल पर पहुंचे और उन्होंने पाया कि वार्ड में 10-11 व्यक्ति फंसे हुए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने तत्काल बचाव टीम को द्वितीय तल पर आने के लिए कहा। द्वितीय तल पर आते समय जीरो विजिबिलिटी के कारण चालक श्री सतेन्द्र सिंह सीढ़ियों पर चढ़ते हुए गिर गए और उनके घुटने एवं टांग में चोट लग गई। अपने दर्द की परवाह किए बिना, वे टीम के साथ द्वितीय तल पर पहुंच गए। इस दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल सिंह और फायरमैन श्री आयुष्मान कुमार शर्मा ने अस्पताल के फंसे हुए पांच कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। वार्ड में फंसे हुए शेष पांच मरीजों को मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल, अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह, फायरमैन श्री जोगिन्द्र सिंह, चालक श्री सतेन्द्र सिंह, फायरमैन श्री प्रह्लाद सिंह राणा और श्री आयुष्मान कुमार शर्मा द्वारा कंबल से ढककर, ह्यूमन क्लच के माध्यम से, कंधे पर उठाकर और स्ट्रेचर की सहायता से एक-एक करके बचाया गया और सभी मरीजों को एम्बुलेंस के द्वारा विभिन्न निकटवर्ती अस्पतालों में पहुंचाया गया।

बचाव ऑपरेशन के दौरान, द्वितीय तल से मरीजों को नीचे लाते समय फायरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह को भी चोट लग गई और जहरीले काले धुएं से मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल का दम घुट गया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री राहुल पाल, अग्निशमन अधिकारी श्री कुंवर सिंह, चालक श्री सतेन्द्र सिंह, फायरमैन श्री जोगेन्द्र सिंह, श्री प्रह्लाद सिंह राणा और श्री आयुष्मान कुमार शर्मा ने कार्रवाई के दौरान तत्परता दिखाई, विलक्षण साहस का प्रदर्शन किया और वीरतापूर्ण कार्रवाई की तथा भवन के प्रथम एवं द्वितीय तल पर स्थित आईसीयू और वार्ड में फंसे हुए 10 व्यक्तियों को बचाया तथा अस्पताल की लगभग 10.00 करोड़ रुपये की सम्पत्ति की रक्षा की। इस घटना के दौरान, किसी के भी हताहत होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई तथा सभी फंसे हुए मरीजों/व्यक्तियों को अग्निशमन टीम द्वारा सुरक्षित बचा लिया गया।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के सर्व/श्री राहुल पाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कुंवर सिंह, अग्निशमन अधिकारी, जोगेन्द्र सिंह, फायरमैन, सतेन्द्र सिंह, चालक, प्रह्लाद सिंह राणा, फायरमैन और आयुष्मान कुमार शर्मा, फायरमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 01.08.2023 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/178/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 47--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	दीपक शर्मा	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	वीरता पदक
2.	कमलेन्द्र कुमार सिंह	अग्निशमन द्वितीय अधिकारी	वीरता पदक
3.	सुदेश कुमार बाबू	फायर सर्विस चालक	वीरता पदक
4.	करवेन्द्र सिंह	फायरमैन	वीरता पदक
5.	शैलेश	फायरमैन	वीरता पदक
6.	आदित्य पाठक	फायरमैन	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

अपना पैलेस अपार्टमेंट्स, एक 05 मंजिला वाणिज्यिक-सह-आवासीय भवन, जिसके बेसमेंट, भूतल तथा प्रथम तल पर फुटवेयर वेयरहाउस, बटन-थ्रेड एंड होजरी इंडस्ट्री और ऊपरी तलों पर विभिन्न प्रकार के अनेक आवास हैं, 88/384, हुमायूं बाग, नजदीक रूपम क्रॉसिंग, चमनगंज में स्थित है, जो कि कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश का एक अत्यधिक व्यस्त वाणिज्यिक-आवासीय क्षेत्र एवं घनी आबादी वाला इलाका है। उपर्युक्त भवन में पूरे दिन व्यापारिक चहल-पहल रहती है।

दिनांक 15.01.2024 को देर शाम के दौरान, ये वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अपने अधिकारियों और कर्मचारियों से भरे हुए थे और इस भवन में सामान्य गतिवधियां चल रही थीं, अचानक बेसमेंट में स्थित फुटवेयर वेयरहाउस, बटन-थ्रेड एंड होजरी इंडस्ट्री में आग लग गई, जिसने जहरीले घने धुएं और भीषण आग की लपटों के साथ तेजी से फैलकर पूरे बेसमेंट एरिया, अपार्टमेंट बिल्डिंग एवं ऊपरी तलों को चपेट में ले लिया।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश ने 20:00 बजे फायर मिनी कंट्रोल रूम से आग की सूचना प्राप्त होने पर तुरंत अग्निशमन केंद्र कर्नलगंज और लाटौच रोड तथा विभिन्न नजदीकी अग्निशमन केंद्रों को आग लगने वाले स्थान पर पहुंचने का निदेश दिया और वे स्वयं, फायर सर्विस चालक सुदेश कुमार बाबू और फायरमैन शैलेश के साथ शीघ्रता से घटनास्थल पर पहुंच गए।

श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, प्रभारी, अग्निशमन केंद्र कर्नलगंज, अग्निशमन सेवा यूनिटों, बचाव उपकरणों एवं जरूरी सामग्री तथा अग्निशमन वाहनों के साथ तत्काल भीषण आग वाले स्थान पर पहुंचे और इसी दौरान अन्य नजदीकी अग्निशमन केंद्रों की अग्निशमन यूनिटें भी वहां पहुंच गईं।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी ने भवन के आस-पास बड़ी संख्या में एकत्रित उत्तेजित एवं व्याकुल लोगों को देखा तथा इसके बेसमेंट, जिसमें फुटवेयर वेयरहाउस, बटन-थ्रेड एंड होजरी इंडस्ट्री स्थित थी, में आग लगी हुई थी और अपार्टमेंट भवन के ऊपरी तलों को भीषण आग ने चपेट में ले लिया था तथा दम घोंटने वाले घने काले धुएं के गुब्बार तथा आग की लपटें ऊपर उठ रहीं थीं, जिससे फंसे हुए लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हो गया था। अत्यधिक भीषण आग का खतरा बढ़ रहा था और निकटवर्ती वाणिज्य तथा आवासीय भवन में आग लग सकती थी, जिससे स्थिति बद-से-बदतर हो सकती थी और सुगम बचाव एवं अग्निशमन ऑपरेशन में अनेक बाधाएं उत्पन्न हो सकती थीं, जिससे यह ऑपरेशन असुरक्षित और कठिन हो जाता। अपार्टमेंट भवन के ऊपरी तलों से सुरक्षा हेतु बचाओ-बचाओ की तेज चीखें चुनाई दे रही थीं और चारों तरफ भगदड़ जैसा, कोलाहल और भय का वातावरण था।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने आग की भीषणता का आकलन करते हुए तुरंत श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के साथ रणनीति तैयार की और फंसे हुए लोगों की कीमती जान को बचाने और साथ ही, कुशलतापूर्वक भीषण आग को बुझाने और नियंत्रित करने के द्वारा सम्पत्ति की रक्षा करने को प्राथमिकता दी।

आग से घिरे हुए भवन में फंसे पीड़ितों की कीमती जान को बचाने के लिए प्रतिबद्ध श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, प्रभारी, अग्निशमन केंद्र कर्नलगंज ने भीषण आग को बुझाने और कीमती जानों को बचाने की योजना का निष्पादन करते हुए, मौजूद अग्निशमन इकाइयों को तुरंत 02 डिलीवरी हॉज-पाइप लाइनें लगाने का निदेश दिया, जिसका उन्होंने तत्काल अनुपालन किया और भीषण आग से घिरे भवन के बेसमेंट तथा ऊपरी तलों की ओर रणनीतिक ढंग से पानी की भारी बौछारें करना शुरू कर दिया।

इस संकट के दौरान, श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जो उक्त ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे, ने श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी और सुदेश कुमार बाबू, अग्निशमन चालक, फायरमैन करवेन्द्र सिंह, शैलेश और आदित्य पाठक के साथ शीघ्रता से एक बचाव टीम का गठन किया, सांस लेने वाले उपकरण पहने और व्याकुल लोगों को पीड़ितों को बचाने का आश्वासन देकर, तेजी से भीतरी सीढ़ियों की ओर आगे बढ़े। परन्तु इसे भारी सामान से अवरूद्ध पाकर, चतुर और समझदार श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी को सीढ़ियां लगाने का निदेश दिया, और उन्होंने शीघ्रता से क्रमश: तीसरे और चौथे तल के लिए सीढ़ियां लगा दीं।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बचाव टीम का नेतृत्व करते हुए और श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी को तृतीय तल पर चढ़ने का निदेश देते हुए, स्वयं, फायरमैन करवेन्द्र सिंह और शैलेश के साथ अपने जीवन और अंगों की परवाह किए बिना बिजली की गति से निडरतापूर्वक भीषण आग की लपटों और गर्मी तथा घने जहरीले धुएं का सामना करते हुए, आग से घिरे हुए भवन के चौथे तल की बालकनी में चढ़े और विलक्षण साहस एवं वीरता के साथ जहरीले घने काले धुएं और अत्यधिक गर्मी को भेदते हुए बालकनी में से आगे बढ़े और उन्हें अपने जीवन की सुरक्षा के लिए चिल्लाती हुई महिलाओं सहित 12 भयभीत व्यक्ति मिले, जिनको उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें सहारा देते हुए कड़े परिश्रम के साथ जल्दी से गर्मी और धुएं से बाहर सीढ़ी के पास ले आए तथा उत्कृष्ट बचाव कौशल के साथ उन्हें कुशलता के साथ सीढ़ी के द्वारा सुरक्षित नीचे उतार लिया।

श्री कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी भी अग्निशमन चालक सुदेश कुमार बाबू और फायरमैन आदित्य पाठक के साथ शीघ्रतापूर्वक भीषण आग की गर्मी एवं लपटों और घने जहरीले धुएं के बावजूद आग से घिरे हुए भवन में रणनीतिक ढंग में लगाई गई एक्सटेंशन सीढ़ी के द्वारा तृतीय तल की बालकनी में चढ़कर अपनी जान की परवाह किए बिना भीतर प्रवेश कर गए तथा उन्हें महिलाओं और बच्चों समेत 09 भयभीत लोग मिले, जिनको उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें सहारा देते हुए गर्मी और धुएं से बाहर सीढ़ी के नजदीक बालकनी में ले आए तथा उत्कृष्ट बचाव कौशल के साथ उन्हें कुशलता के साथ लपटों से बचाते हुए सीढ़ी के द्वारा सुरक्षित नीचे उतार लिया।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने फायरमैन करवेन्द्र सिंह और शैलेश के साथ भीषण आग में घिरे और धुएं से भरे भवन में फंसे सभी पीड़ितों को बचाने के लिए बिना थके अपना तलाशी ऑपरेशन जारी रखा। कई और व्यक्तियों के भीतर फंसे होने के अनुमान के साथ वे ऊपरी तलों हेतु रणनीतिक तरीके से लगाई गई एक्सटेंशन सीढ़ी की सहायता से ऊपर चढ़ गए और गहन तलाशी के दौरान 03 महिलाओं सहित 04 अन्य व्यक्तियों को बचाया तथा उन्हें सुरक्षित नीचे उतार लिया।

श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी की कमान में और अग्निशमन द्वितीय अधिकारी कमलेन्द्र कुमार सिंह के निदेशन में अग्निशमन इकाइयों ने आग से घिरे बेसमेंट और अपार्टमेंट के ऊपरी तलों की भीषण आग की लपटों पर पानी की जोरदार बौछार करना जारी रखा तथा भयंकर आग को सटे हुए भवन/प्रतिष्ठानों में फैलने से रोक दिया और आग को सफलतापूर्वक बुझा दिया।

इस संकट की स्थिति में, श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने अपनी टीम के साथ अत्यधिक सूझ-बूझ और धैर्य के साथ अपना पैलेस अपार्टमेंट्स में अग्निशमन एवं बचाव ऑपरेशन का सामने से नेतृत्व किया। इस कठिन अग्निशमन एवं बचाव ऑपरेशन के दौरान, उन्होंने कुशलतापूर्वक अग्निशमन और बचाव कौशल के साथ अपने कर्तव्य के प्रति विलक्षण साहस तथा समर्पण का प्रदर्शन किया तथा 25 व्यक्तियों की बहुमूल्य जान बचाई तथा महिलाओं एवं बच्चों समेत लगभग 100 निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला और लगभग करोड़ों रुपये की संपत्ति की रक्षा की।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के सर्व/श्री दीपक शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, कमलेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी, सुदेश कुमार बाबू, फायर सर्विस चालक, करवेन्द्र सिंह, फायरमैन, शैलेश, फायरमैन और आदित्य पाठक, फायरमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 15.01.2024 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/179/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 48--प्रेज/2025—भारत की राष्ट्रपति, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के निम्नलिखित कार्मिकों को वीरता पदक (जीएम) सहर्ष प्रदान करती हैं:—

क्र.सं.	पदक पाने वाले का नाम सर्व/श्री	कार्रवाई के समय पद	प्रदान किया गया पदक
1.	अरुण कुमार सिंह	मुख्य अग्निशमन अधिकारी	वीरता पदक
2.	श्रीनारायण सिंह	अग्निशमन अधिकारी	वीरता पदक
3.	कपिल यादव	फायरमैन	वीरता पदक
4.	मुकुल	फायरमैन	वीरता पदक

उन सेवाओं का विवरण, जिनके लिए अलंकरण प्रदान किया गया

पर्ल्स प्लाजा, एक 03 मंजिला वाणिज्यिक भवन, जिसमें इंडिया बुल्स हाउसिंग फाइनेंस कंपनी, इंश्योरेंस कंपनी, ट्रैवल एजेंसी और लगभग 50 अन्य वाणिज्यिक कार्यालय तथा भूतल तल पर शोरूम हैं, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश के एक अत्यधिक व्यस्त वाणिज्यिक केंद्र के-24-25, सेक्टर 18 में स्थित है। उपर्युक्त सम्पूर्ण भवन में शाम को देर तक व्यापारिक चहल-पहल रहती है।

दिनांक 07.09.2022 को मध्याह्न के दौरान, ये व्यापारिक प्रतिष्ठान और वाणिज्यिक कार्यालय उनके अधिकारियों और कर्मचारियों से भरे हुए थे तथा प्लाजा में आगंतुक ग्राहक आ-जा रहे थे, तभी प्लाजा के द्वितीय तल पर स्थित इंश्योरेंश कंपनी और ट्रैवल एजेंसी के कार्यालय परिसरों में अचानक आग लग गई, जिसने तेजी से कार्यालय परिसरों को अपनी चपेट में ले लिया और जल्दी ही जहरीले धुएं के साथ भीषण आग की लपटें उपर्युक्त तल पर फैल गईं।

अग्निशमन यूनिटों, बचाव उपकरणों तथा सामग्रियों और अग्निशमन वाहनों के साथ श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी, अग्निशमन केंद्र फेज-1, नोएडा, पुलिस आयुक्तालय, गौतमबुद्ध नगर, जो एक फैक्ट्री में किसी अन्य अग्निशमन ऑपरेशन के बाद वापस लौट रहे थे, ने लगभग 14:35 बजे आग लगने की इस घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई की और सहायता भेजने के लिए अग्निशमन केंद्र को निदेश दिया तथा वे श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर को सूचना प्रदान करके शीघ्रता से घटनास्थल पर पहुंच गए।

पर्ल्स प्लाजा पहुंचने पर श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी ने देखा कि उपर्युक्त भवन के सामने उत्तेजित तथा व्याकुल भारी भीड़ एकत्रित थी तथा इंडिया बुल्स के कार्यालय वाले इसके द्वितीय तल पर आग लगी हुई थी और भीषण आग और दम घोंटने वाले घने काले धुएं के गुब्बार ने ऊपरी तलों को अपनी चपेट में ले लिया था तथा आग की ऊंची लपटें उठ रही थीं, जिसके कारण फंसे हुए व्यक्तियों की जान खतरे में थी। आग से घिरे प्लाजा के ठीक सामने एक इलेक्ट्रिक सब-स्टेशन और प्लाजा के नजदीक हाई टेंशन इलेक्ट्रिक लाइन के इंस्टालेशन और इसके वहां से होकर गुजरने से उनमें तथा निकटवर्ती शोरूमों और दुकानों में आग लगने की संभावना थी और इससे स्थिति बद-से-बदतर हो जाती तथा सुगम अग्निशमन तथा बचाव ऑपरेशन असुरक्षित और कठिन बन सकता था। भवन के ऊपरी तलों से सुरक्षा हेतु चिल्लाने की आवाजें आ रहीं थीं और प्लाजा के भवन में भारी भगदड़ और कोलाहल था तथा चारों तरफ भय का वातावरण बना हुआ था।

इसी बीच, श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी भी वहां पहुंच गए और उन्होंने आग की भीषणता को देखकर, तुरंत हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म मंगाया तथा श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी के साथ रणनीति तैयार की और कुशलतापूर्वक अग्निशमन एवं भीषण आग पर नियंत्रण करते हुए फंसे हुए लोगों की कीमती जान एवं माल की सुरक्षा करने के कार्य को प्राथमिकता दी।

फंसे हुए पीड़ितों की कीमती जान बचाने के लिए प्रतिबद्ध श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी ने भीषण आग का सामना करने एवं कीमती जानों को बचाने की योजना पर काम करते हुए, वहां मौजूद अग्निशमन यूनिटों को तत्काल हॉज-पाइपलाइन लगाने का निदेश दिया, जिसका उन्होंने शीघ्र अनुपालन किया तथा आग से घिरे प्लाजा के द्वितीय तल की ओर पानी की भारी बौछार फेंकना शुरू कर दिया। उपर्युक्त प्लाजा पूरी तरह वातानुकूलित होने की वजह से अग्निशमन यूनिटों ने सीढ़ियों को भी रणनीतिक ढंग में लगाया और वे निडरतापूर्वक ऊपर चढ़े तथा वेंटिलेशन के लिए कांच के शीशों को तोड़ना शुरू कर दिया।

इस स्तर की आपदा के दौरान अग्निशमन अधिकारी श्री श्रीनारायण सिंह के साथ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे, फंसे हुए पीड़ितों को बचाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने जल्दी से क्रमशः फायरमैन मुकुल और कपिल यादव के साथ 02 बचाव टीमें गठित की। उन्होंने सांस लेने वाले उपकरण पहने और व्याकुल भीड़ को पीड़ितों को बचाने का आश्वासन देकर, वे शीघ्रता और बहादुरी के साथ आग की भीषण गर्मी और सीढ़ियों में फैले घने जहरीले काले धुएं का सामना करते हुए भीतरी सीढ़ियों से चढ़कर आग से घिरे प्लाजा के तृतीय तल पर पहुंचे और उन्होंने अपनी जान की सुरक्षा की परवाह किए बिना जहरीले घने काले धुएं और अत्यधिक गर्मी को निडरतापूर्वक पार करते हुए भीतर प्रवेश किया तथा 03 व्यक्तियों को बेहोशी की हालत में पाया। उन्होंने शीघ्र 01 व्यक्ति को ह्यूमन-क्लच पर और 02 अन्य व्यक्तियों को कंधों पर उठाया, विलक्षण साहस एवं सक्षम बचाव-कौशल के साथ हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के द्वारा उन्हें बाहर लाए और उन्हें सुरक्षित ढंग में नीचे उतारा तथा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भेज दिया। तत्पश्चात, श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी और श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी ने फायरमैन मुकुल और कपिल यादव के साथ मिलकर आग से घिरे एवं धुएं से भरे प्लाजा में फंसे सभी पीड़ितों को बचाने संबंधी अपने अथक प्रयास जारी रखें। वे रणनीतिक ढंग में लगाई गई एक्सटेंशन सीढ़ी के माध्यम से चढ़कर द्वितीय तल पर पहंचे, जो कि आग का केंद्र था, जहां घना धुआं छाया हुआ था और वह स्थान भीषण आग की लपटों में घिरा हुआ था तथा वहां अन्य कई लोगों के फंसे होने की संभावना थी। आग की गर्मी और घने धुएं की परवाह किए बिना उन्होंने भीतर प्रवेश किया और वे विलक्षण साहस के साथ घने काले धुएं को चीरते हुए रेंगकर अंदर गए तथा उन्हें 07 भयभीत व्यक्ति (04 पुरुष एवं 03 महिला) मिले। उन्होंने उन्हें फिजिकल सपोर्ट दिया और परिश्रम से उन्हें एक-एक करके उठाते हुए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म तक पहुंचाया तथा उन्हें कुशलतापूर्वक धुएं एवं आग से बचाया और उन्हें सुरक्षित नीचे उतार लिया।

श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी की कमान और श्री श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी के निदेशन में अग्निशमन यूनिटों ने प्लाजा के द्वितीय एवं ऊपरी तलों पर निरंतर पानी की जोरदार बौछार करना जारी रखा, जिससे आग निकटवर्ती वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में नहीं फैल पाई और भीषण आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया। इस कठिन अग्निशमन तथा बचाव ऑपरेशन के दौरान, उन्होंने

कुशलतापूर्वक अग्निशमन तथा बचाव करते हुए अपने कर्तव्य के प्रति विलक्षण साहस एवं समर्पण का परिचय दिया तथा 03 महिलाओं समेत 10 व्यक्तियों की बहुमूल्य जान बचाई और लगभग 25 करोड़ रुपये की संपत्ति की रक्षा की।

इस ऑपरेशन में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के सर्व/श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, श्रीनारायण सिंह, अग्निशमन अधिकारी, कपिल यादव, फायरमैन और मुकुल, फायरमैन ने अदम्य वीरता, साहस और उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

वीरता पदक (जीएम), राष्ट्रपति सचिवालय की अधिसूचना संख्या 85-प्रेज/2023 दिनांक 14 अक्टूबर, 2023 और गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11024/06/2023-पीएमए दिनांक 16 अक्टूबर, 2023 के तहत प्रदान किया जाता है। फलस्वरूप, इस पुरस्कार में शामिल स्वीकार्य वित्तीय भत्ता दिनांक 07.09.2022 से दिया जाएगा।

(फा. सं. 11020/180/2024-पीएमए)

एस. एम. समी
अवर सचिव

सं. 49-प्रेस/2025—भारत की राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर; पुलिस, अग्निशमन, जेल प्रशासन तथा गृह रक्षक व नागरिक सुरक्षा सेवाओ के लिए राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशो / केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) / केन्द्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) तथा अन्य संबंधित संगठनों के निम्नलिखित कार्मिको को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक (पीएसएम) सहर्ष प्रदान करती हैं :—

पुलिस सेवा

1. श्री विवेक किशोर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अरुणाचल प्रदेश
2. श्रीमती इंद्राणी बरुआ, उपमहानिर्देशक, असम
3. श्रीमती कासेय सुहिता अनुपम, अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार
4. श्री अनिल कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, बिहार
5. श्री महेश राम साहू, निरीक्षक, छत्तीसगढ़
6. श्री आसिफ मो. अली, संयुक्त निदेशक (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
7. श्री संजय दत्त, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
8. श्री सोम नाथ परूथी, सहायक आयुक्त पुलिस, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
9. श्री ब्रजेश कुमार झा, पुलिस आयुक्त, गुजरात
10. श्री दिगविजयसिंह पाथुभा चुडासामा, पुलिस उपाधीक्षक, गुजरात
11. श्री सौरभ सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हरियाणा
12. श्री बसवराज शरणप्पा ज़िले, उप पुलिस महानिरीक्षक, कर्नाटक
13. श्री हमजा हुसैन, कमांडेंट, कर्नाटक
14. श्री पुथियोट्टिल विजयन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं निदेशक, केरल
15. श्री माकरन्द दैवउसकर, महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
16. श्रीमती हिमानी खन्ना, महानिरीक्षक, मध्य प्रदेश
17. श्री वीर विक्रम सिंह सेंगर, निरीक्षक, मध्य प्रदेश
18. श्री नवाब खान, निरीक्षक, मध्य प्रदेश
19. डॉ. रविन्द्र कुमार सिंगल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र
20. श्री दत्तात्रय राजाराम कराळे, पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र
21. श्री सुनिल बळीरामजी फुलारी, पुलिस महानिरीक्षक, महाराष्ट्र
22. श्री रामचद्रं बाबू केडे, समादेशक, महाराष्ट्र
23. श्री सोरोखैबाम रूद्रानारायण सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, मणिपुर
24. श्री ज़ोसांगलियाना, निदेशक, मिजोरम
25. श्री इम्तियाकुम पोंगेन, सहायक कमांडेंट, नागालैंड
26. श्री सरोज कुमार सामल, कार्य प्रभारित आरक्षी अधीक्षक, ओडिशा

27. श्री सत्यबादी मल्लिक, कांस्टेबल, ओडिशा
28. श्री राजेश कुमार जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पंजाब
29. श्री नीलाभ किशोर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, पंजाब
30. श्री सत्येन्द्र सिंह, महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान
31. श्री सोनाम दीछू भोटिया, पुलिस अधीक्षक, सिक्किम
32. श्री ए. टी. दुरै कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, तमिलनाडु
33. श्रीमती आ. राधिका, पुलिस महानिरीक्षक / अपर पुलिस आयुक्त, तमिलनाडु
34. श्री विक्रम सिंह मान, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, तेलंगाना
35. श्री एम माणिक राज, पुलिस अधीक्षक, तेलंगाना
36. श्री गोदुगुलुरी श्रीनिवास राव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, त्रिपुरा
37. श्री रमित शर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश
38. श्री युध्दवीर सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश
39. श्री दिलीप सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, उत्तर प्रदेश
40. श्री ब्रम्हदेव शुक्ला, सहायक रेडियो अधिकारी, उत्तर प्रदेश
41. श्री नारायण सिंह यादव, उपनिरीक्षक, उत्तर प्रदेश
42. श्री दीप नारायण गोस्वामी, पुलिस महानिरीक्षक, पश्चिम बंगाल
43. श्री समीर कुमार पांजा, सहायक पुलिस आयुक्त, पश्चिम बंगाल
44. श्री डॉ एस बास्केरेन, पुलिस अधीक्षक, पुदुचेरी
45. श्री आनंद जैन, अतिरिक्त महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर
46. श्री नीतीश कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक, जम्मू और कश्मीर
47. श्री नरेन्द्र बहादुर छेत्री, नायब सूबेदार, असम राइफल्स
48. श्री ब्रजेश कुमार, महानिरीक्षक, बीएसएफ
49. श्री करनी सिंह शेखावत, उप महानिरीक्षक, बीएसएफ
50. श्री सुखदेव राज, उप महानिरीक्षक, बीएसएफ
51. श्री इंद्र देव सिंह, उप महानिरीक्षक, बीएसएफ
52. श्री सुशील कुमार उपाध्याय, डिप्टी कमांडेंट, बीएसएफ
53. श्री शिखर सहाय, महानिरीक्षक, सीआईएसएफ
54. श्रीमती नीता सिंह, उप महानिरीक्षक, सीआईएसएफ
55. श्री ज़की अहमद, महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
56. श्री अशोक साम्याल, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
57. श्री राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
58. श्री संजय यादव, उप महानिरीक्षक, सीआरपीएफ
59. सुश्री नामेईराकपम कुन्जारानी देवी, कमांडेंट, सीआरपीएफ
60. श्री दिलीप मलिक, उप कमांडेंट, सीआरपीएफ
61. श्री क्ले खोंगसाई, महानिरीक्षक, आईटीबीपी
62. श्री संजय कुमार कोठारी, उप महानिरीक्षक, आईटीबीपी
63. श्री सुदेश कुमार राणा, द्वितीय कमान, आईटीबीपी
64. श्री दीपक कुमार केडिया, महानिरीक्षक, एनएसजी
65. डॉ. परेश सक्सेना, महानिरीक्षक, एसएसबी
66. श्री वंदन सक्सेना, उप महानिरीक्षक, एसएसबी
67. सुश्री सत्याप्रिया सिंह, संयुक्त निदेशक, गृह मंत्रालय

68. श्री बिधु शेखर, संयुक्त निदेशक, गृह मंत्रालय
69. श्री जमाल अहमद खान, सहायक निदेशक/कार्यकारी, गृह मंत्रालय
70. श्री अवधेश कुमार राय, संयुक्त उपनिदेशक/एन पी, गृह मंत्रालय
